# खुला द्वार, तीमारदारों ने जताया अमृत विचार का आभार

अमृत विचार IMPACT

- मेडिकल कॉलेज में खोला गया पिछले छह माह से बंद पड़ा गेट
- अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था परेशानी का मुद्दा

अयोध्या कार्यालय


मेडिकल कॉलेज में दो में से एक द्वार बंद, परेशानी

गेट के अंदर और बाहर खड़े रहते वाहन

19 फरवरी को अमृत विचार में प्रकाशित खबर

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में छह माह से बंद चल रहा गेट मरीजों व तीमारदारों के लिए खोल दिया गया है। गेट नंबर दो के बंद होने से परेशान मरीज व तीमारदारों की आवाज को ''अमृत विचार'' ने 19 फरवरी के अंक में ''मेडिकल कॉलेज में दो में से एक द्वार बंद, परेशानी'' शीर्षक से प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद बुधवार को यह गेट खोल दिया गया। तीमारदारों ने ''अमृत विचार'' का आभार जताया। बढ़ती चोरियां और दलाली का हवाला देते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने गेट नंबर दो बंद कर दिया गया था। सर्विस लेन के पास वाला ही गेट खुला था। एक ही गेट से आने-जाने में मरीज व तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। तीमारदारों का कहना था कि एंबुलेंस व अन्य वाहन ट्रॉमा सेंटर के लिए बड़ी ही तेजी से अंदर आते हैं। इससे हादसे का हमेशा भय बना रहता है। इन्हीं तकलीफों को देखते हुए अमृत विचार ने समाचार का प्रकाशन किया था।


मेडिकल कॉलेज में छह माह बाद खुला गेट। अमृत विचार

> मरीजों व उनके तीमारदारों की बड़ी मांग थी, इसलिए गेट खुलवा दिया गया है। दूसरे वाले गेट से वाहनों का आना-जाना रहता था। अब इधर से ओपीडी वाले मरीजों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी।
>
> -डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य

### आने-जाने में होती थी बहुत परेशानी : सोनू



तीमारदार सोनू विश्वकर्मा ने अमृत विचार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि बंद गेट के बगल एक छोटा सा दरवाजा खोला गया था, लेकिन वो नाकाफी था। अंदर वाहन खड़े रहते थे और बाहर ऑटो रिक्शा वाले। आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी।

### मुश्किलें आसान हो जाएंगी



तीमारदार विनोद कुमार ने बताया कि उनका भाई करीब एक सप्ताह से भर्ती है। पहले गेट बंद रहता था तो पानी व अन्य सामान लाने के लिए घूम कर जाना पड़ता था। गेट खुल जाने के बाद से खुशी मिली है। इससे मेडिकल कॉलेज आने वाले सभी मरीजों को राहत मिलेगी।

## करें जल्दी: धान खरीद में केवल तीन दिन शेष

**अयोध्या, अमृत विचार:** धान खरीद में अब केवल तीन दिन शेष रह गए हैं। यदि अब भी किसान को धान बेचना है तो जल्दी करें। अन्यथा दोबारा खोले गए क्रय केंद्रों पर खरीद बंद हो जाएगी। जिले में विभिन्न खरीद एजेंसियों के कुल 77 क्रय केंद्रों पर खरीद एक नवंबर 2025 से शुरू की गई थी। 68 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया। जनपद में 12 फरवरी तक लगभग 96 फीसदी धान की खरीद का काम पूरा कर लिया गया। इसके बाद धान की खरीद रोक दी गई, लेकिन किसान संगठनों ने समय से पहले खरीद बंद करने को लेकर आपत्ति शुरू की। विभाग ने लक्ष्य के हवाले से कुछ केंद्रों को चालू रखने के लिए पत्र भेजा। इस पर जिले के 20 केंद्रों को पुनःखरीद के लिए खोला गया। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह कहते हैं कि धान की खरीद 28 फरवरी को समाप्त हो जाएगी।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर ''किशोर जी''
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

न्यूज ब्रीफ

### एमन ने उत्तीर्ण की जेआरएफ परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय में जैव रसायन विज्ञान की छात्रा एमन फातिमा ने सीएसआईआर, जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। सत्र 2021-23 की इस छात्रा ने 135वीं रैंक प्राप्त की है। छात्रा की इस सफलता पर विभागाध्यक्ष जैव रसायन विज्ञान प्रो. फर्रुख जमाल, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. संग्राम सिंह, डॉ. वंदना रंजन, डॉ. नीलम यादव, डॉ. मणिकांत त्रिपाठी, डॉ. पंकज सिंह, डॉ. प्रदीप सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### दो कारों में हुई टक्कर पांच लोग घायल

**तारुन, अयोध्या :** थाना क्षेत्र के तारुन-पिपरी मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय पारागरीब शाह के सामने बुधवार दोपहर दो कारों में आमने सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक कार पर सवार मैहर कबीरपुर थाना हैदरगंज निवासी विकास सिंह, हेमा सिंह, सीमा सिंह, बिंदु सिंह व विवेक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी तारुन पर प्राथमिक उपचार के बाद अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता ने सभी को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडे ने बताया कि पहली कार प्रतीक सिंह चला रहे थे। वह वाराणसी से सुल्तानपुर होते हुए तारुन मार्ग से अयोध्या की ओर जा रहे थे। दूसरी कार विकास पुत्र चंद्रभान सिंह की थी। वह अपने परिवार के साथ अयोध्या से वापस घर लौट रहे थे। इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

# अयोध्या धाम में बिना सत्यापन नहीं लगेंगी दुकानें

## ठेला-खोमचे समेत पटरी दुकानदारों का सत्यापन शुरू, मार्च में रामनवमी को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्याा धाम में अब सत्यापित दुकानदार दुकान लगा सकेंगे। इनको किसी एक जगह स्थायी रूप से दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। चेकिंग के दौरान यदि बिना सत्यापित दुकानदार मिलते हैं तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस-प्रशासन के इस निर्णय के साथ-साथ राम मंदिर परिसर में 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आने की संभावना व रामनवमी पर्व को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। रामपथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के किनारे स्थाई और अस्थाई रूप से दुकान लगाने वाले व्यापारियों व मठ मंदिरों के साथ कॉलोनियों में अस्थाई और किरायेदार के रूप रहने वालों के सत्यापन की प्रक्रिया की जा रही है।


व्यापारियों को सत्यापन अभियान की जानकारी देते पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी।

राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व वीआईपी दौरे के दौरान सुरक्षा व आवागमन की दृष्टि से सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले पटरी दुकानदार सबसे बड़े बाधा बने हुए हैं। पुलिस व नगर निगम की टीम इनके खिलाफ अभियान भी चलाती है, लेकिन अभियान थमने के बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं। वहीं, इन दुकानदारों में करीब 90 फीसदी व्यापारी बाहरी हैं, ऐसे में इन्हें सुरक्षा की दृष्टि से भी संदिग्ध माना जाता है। इसे लेकर पुलिस ने दुकानदारों को चिह्नित कर उनका सत्यापन कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ऐसे दुकानदारों का कई चरण में सत्यापन किया गया था। लेकिन इनमें से अधिकांश दुकानदार या तो यहां से चले गए, या काम बदल दिया है। वहीं, भारी संख्या में नए दुकानदार भी यहां आ गए हैं। पुलिस की योजना है कि अब सभी का नये सिरे से सत्यापन किया जाये और सत्यापित दुकानदारों को ही दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या धाम में सड़क के किनारे जितने भी ठेले, खोमचे व पटरी दुकानदार हैं, उनका सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन कराने के बाद ही उन्हें दुकान लगाने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा मठ मंदिरों व अन्य स्थानों पर रहने वाले बाहरी किराएदारों का भी सत्यापन कराया जा रहा है।

## नव संवत्सर पर राम मंदिर ट्रस्ट जारी करेगा वार्षिक कैलेंडर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** हिंदी नव वर्ष यानी नव संवत्सर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपना वार्षिक कैलेंडर जारी करेगा। जिसमें वर्ष भर में होने वाले उत्सव और प्रमुख हिंदी तिथियों की जानकारी दी जाएगी। जिसे अंतिम रूप देने के लिए वैष्णव संतों से भी राय ली जा रही है। जिससे किसी भी पारंपरिक उत्सव व तिथि के बारे रिक्त न रहें।

राम मंदिर के भूतल पर 22 जनवरी 2024 को पांच वर्षीय रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम तल पर 5 जून 2025 को राम दरबार की स्थापना, 25 नवंबर 2025 को शिखर पर धर्म ध्वज और 19 मार्च को द्वितीय तल पर श्रीराम महायंत्र की स्थापना के बाद मंदिर संपूर्ण हो जाएगा। जहां ट्रस्ट के पुजारी नित्य विधि विधान पूर्वक पूजन संपन्न करेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र टेस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर परिसर में पर्व व त्यौहार पर होने वाले आयोजन की जानकारी जुटाई है। प्रमुख धर्माचार्य से वर्ष भर में होने वाले आयोजन के संबंध राय ली जा रही है। हिंदी नव वर्ष के प्रारंभ होने के साथ हिंदी पंचांग में शामिल तिथियों पर भी विशेष रूप से अनुष्ठान आयोजन करने के नियम रखे जाएंगे।

## यूपी बोर्ड : हाईस्कूल व इंटर के 3481 परीक्षार्थी अनुपस्थित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के आठवें दिन बुधवार को दोनों पालियों में जिले के 3,481 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को भी 115 परीक्षा केंद्रों में से कहीं भी नकल का कोई मामला नहीं पाया गया।

बताया कि पहली पाली में हाईस्कूल की विज्ञान विषय की और इंटर की म्यूजिक वोकल की परीक्षा हुई। हाईस्कूल में पंजीकृत 39,865 छात्र-छात्राओं में से 37,812 परीक्षा में शामिल हुए और 2,053 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट की म्यूजिकल वोकल परीक्षा में पंजीकृत 45 में से 44 ने परीक्षा दी और एक बालिका अनुपस्थित रही।

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान व समाजशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। रसायन विज्ञान की परीक्षा में कुल 13,158 बालक व 9,679 बालिकाएं पंजीकृत रहीं। इसमें 12,517 बालक व 9,465 बालिकाओं ने परीक्षा दी और 641 बालक व 214 बालिकाएं अनुपस्थित रहीं। वहीं इंटरमीडिएट समाज शास्त्र विषय की परीक्षा में पंजीकृत 3,146 बालक व 4,547 बालिका में से 2,789 बालकों व 4,332 बालिकाओं ने परीक्षा दी और 357 बालक व 215 बालिकाएं अनुपस्थित रहीं।

### प्री-पीएचडी परीक्षा 9 व 10 मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में प्री-पीएचडी कोर्स वर्क सत्र 2023-24 की परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। परीक्षा समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि वीसी कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में विवि के परीक्षा केंद्र पर 9 मार्च सोमवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कंप्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा संपन्न होगी। 10 मार्च मंगलवार सुबह 9 से 12 बजे के मध्य रिसर्च मेथडोलॉजी की परीक्षा होगी। पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था संपन्न कराए जाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की गई हैं।

## हमारे अस्तित्व व आस्था के केंद्र हैं श्रीराम

### बोले, केंद्रीय कृषि मंत्री, परिवार संग मंदिर व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रभु श्रीराम हमारे अस्तित्व और आस्था के केंद्र हैं। हम सभी के रोम-रोम में बसते हैं। ये बातें बुधवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। वह राममंदिर में दर्शन-पूजन और निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने उन्हें मंदिर निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि पहली बार परिवार के साथ रामलला के दरबार पहुंचकर आशीर्वाद लिया। रामलला के दर्शन का अवसर मिलना परम सौभाग्य है। मन में लंबे समय से प्रभु श्रीराम के चरणों में प्रणाम करने की ललक थी, जो आज पूर्ण हुई। उन्होंने कहा कि जनता को भगवान मानकर सेवा करते रहे हैं। मेरा सारा जीवन और संपूर्ण शक्ति लोगों की सेवा करके उनके जीवन को बेहतर बनाने में लगा रहे यही कामना प्रभु से की है। इसके बाद उन्होंने सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन किया। जहां उन्हें देखकर दर्शन करने आए भक्तों ने श्रीराम का जयकारा लगाते हुए घेर लिया।


श्रीराम मंदिर में पत्नी संग दर्शन-पूजन करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान। अमृत विचार

## विश्वविद्यालय में रोजागर मेला 26 को, आएंगी नामचीन कंपनियां

**अयोध्या, अमृत विचार:** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय और डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 26 फरवरी को व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग, आईईटी परिसर में एक द्विवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। सहायक निदेशक सेवायोजन देवव्रत कुमार ने बताया कि मेले में देश भर से 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, एमआरएफ टायर्स, एलएंडटी, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स, प्रयान ग्लोबल, वैष्णवी इन्टीग्रेटेड, फर्स्ट मैरेडियन, वर्धमान टेक्सइाइल्स, मेधावी एस्पायर, आरएसवी ज्वाइन इंडिया, सुजलान, कपारो मारूति, अमास स्किल बेंचरस, यजाकी इंडिया, टाटा इलेक्ट्रानिक्स (महिलाओं के लिए), न्यू ट्रैक्टर हॉलैंड, यमाहा इंडिया लि. आदि द्वारा पांच हजार से अधिक पदों पर चयन की कार्रवाई की जाएगी। मेले में ऐसे पुरुष और महिला बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य है और शैक्षणिक योग्यता कक्षा-आठ, हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीबीए, एमबीए, बीटेक, वी.फॉर्मा, डी.फॉर्मा, फार्मेसी है, प्रतिभाग कर सकते है। मार्ग व्यय नहीं मिलेगा।

# दो मार्च को जिले में 2,195 स्थानों पर किया जाएगा होलिका दहन

- कल रंगभरी एकादशी के साथ रामनगरी में चटक हो जाएगा होली के रंग
- तय स्थानों पर ही होगा होलिका दहन, नई परंपरा को अनुमति नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या जिले में होली का उत्सव अवध की परंपरा के अनुरूप मनाने की तैयारी है। जिले में 27 फरवरी को रंगभरी एकादशी के साथ रामनगरी में होली के रंग चटक होने लगेगा। दो मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा पर कुल 2,195 स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी है। इसमें कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में 113, नगर कोतवाली क्षेत्र में 207, कैंट थाना क्षेत्र में 78, कुमारगंज में 91, खण्डासा में 92 और इनायत नगर क्षेत्र में 120 स्थानों समेत अन्य स्थानों पर होलिका दहन होगा। इसके लिए दो फरवरी को वसंत पंचमी पर्व पर ही रेड़ गाड़ी जा चुकी है। वहीं, प्रशासन ने इस त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।


कोतवाली नगर में पीस कमेटी के साथ बैठक करते एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

अयोध्या धाम के आचार्य पं. देवनाथ बताते हैं कि कई स्थलों पर होलिका में भरभोलिए जलाने की भी परंपरा है। भरभोलिए गाय के गोबर से बने ऐसे उपले होते हैं, जिनके बीच में छेद होता है। इस छेद में मूंज की रस्सी डालकर माला बनाई जाती है। एक माला में सात भरभोलिए होते हैं।

होली में आग लगाने से पहले इस माला को भाइयों के सिर के ऊपर से सात बार घूमा कर फेंक दिया जाता है। रात को होलिका दहन के समय यह माला होलिका के साथ जला दी जाती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पूर्व तय स्थानों को छोड़कर अन्य किसी भी स्थान पर होलिका दहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि किसी परंपरागत आयोजन में स्थान परिवर्तित भी किया जा रहा है तो उसकी भी अनुमति अनिवार्य है। सभी स्थानों पर पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। साथ ही थाना व चौकी पुलिस गश्त कर यहां निगरानी भी रखेंगे। प्रशासन हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए भी तैयार है।

### दो को होलिका दहन, चार को खेली जाएगी होली

आचार्य पं देवनाथ के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा का आरंभ दो मार्च को सायंकाल 5:21 बजे से होगा, जो अगले दिन तीन मार्च सायंकाल 4:34 बजे तक रहेगा। इस दिन प्रदोष एवं रात्रिकाल व्यापिनी पूर्णिमा भी होगी। इसलिए, भद्रा का मुखकाल छोड़कर होलिका दहन दो मार्च की रात्रि में किया जाएगा। इसके लिए शुभ मुहूर्त रात 11:48 बजे से 2:27 बजे तक है। बताया कि प्रचलित मान्यता के अनुसार होली का पर्व इसके दूसरे दिन अर्थात् तीन मार्च को मनाया जाना चाहिए। लेकिन उस दिन सायंकाल ग्रस्तोदित चंद्रग्रहण होगा, जो 5:59 बजे से 6:48 बजे तक रहेगा। इस ग्रहण का काल दोपहर 3:20 बजे से प्रारंभ होगा, सूतक काल में जप, तप, होम के अलावा अन्य कोई शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। इसके चलते चार मार्च को होली खेली जाएगी।

> होली व रमजान पर्व पर सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। कानून-व्यवस्था का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपात स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी कस्बों, थाना पुलिस चौकियों पर सभी धर्म गुरुओं के एवं संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक करके सभी त्योहारों को सकुशल निपटने की अपील कर रहे हैं।
>
> -चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सिटी

कवायद

### डायट तैयार करेगा प्रश्न पत्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी को छपवाने की जिम्मेदारी

# यूपी बोर्ड की तर्ज पर होगी परिषदीय स्कूलों की परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

- 16 से 20 मार्च तक जिले में कक्षा एक से आठ तक के 5.35 लाख बच्चे देंगे एग्जाम

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद ने परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। कक्षा एक से आठवीं तक की परीक्षाएं 16 से 20 मार्च तक पांच दिनों में दो पालियों में होंगी। इस बार यह परीक्षा यूपी बोर्ड की तर्ज पर होगी। प्रश्न पत्र गोपनीय ढंग से जिला प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तैयार कराए जाएंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सचल दल बनेंगे। जिले में कुल 1792 परिषदीय विद्यालयों में 5.35 लाख परीक्षार्थी बेसिक की परीक्षा देंगे।

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक चलेगी। वार्षिक परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्नपत्र (लिखित और मौखिक) जिला स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) तैयार करेगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रश्नपत्र का प्रकाशन कराकर विद्यालयों तक पहुंचाएंगे। मूल्यांकन व्यवस्था को कक्षा अनुसार अलग-अलग रखा जाएगा। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा केवल मौखिक होगी। कक्षा दो से पांचवीं तक लिखित और मौखिक दोनों परीक्षाएं होंगी। इनमें कक्षा दो और तीन में लिखित और मौखिक का भारांक 50-50 प्रतिशत रहेगा। कक्षा चार और पांच में लिखित 70 प्रतिशत और मौखिक 30 प्रतिशत रहेगा। कक्षा छह से आठ तक की वार्षिक परीक्षा पूरी तरह लिखित होगी। यह परीक्षा 50 अंकों की होगी और इसमें बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल किए जाएंगे। लिखित परीक्षा की अवधि दो घंटे तय की गई है। कहा गया कि यूपी बोर्ड की तर्ज पर परिषदीय विद्यालयों की होने वाली परीक्षा से सभी का काफी हद तक लाभ मिलेगा।

वहीं मौखिक परीक्षा की तिथि विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक तय करेंगे। सचल दल में बेसिक के बजाए माध्यमिक शिक्षा विभाग से होंगे तब तक बोर्ड की आधी परीक्षा निपट जाएगी।

> परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा का कार्यक्रम आ गया है। अभी होली बाद तैयारी शुरू की जाएगी। व्यवस्था में काफी परिवर्तन किया गया है।
>
> -लालचंद, बीएसए

### गोविंदपुर में करंट से मजदूर की गयी जान

**बीकापुर, अयोध्या :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में बुधवार शाम विद्युत करंट की चपेट में आने से किशोर मजदूर की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पूरे बख्शी गंडई गांव निवासी अखिलेश कुमार(17) पुत्र रमेश कुमार कोरी बुधवार शाम गांव गोविंदपुर में लगे टेंट को उतार रहा था। इस दौरान लोहे dk पाइप ऊपर से गुज़र रहे हाई टेंशन विद्युत तार से छू गया। जिसके चलते विद्युत तार में प्रवाहित करंट पाइप में फैल गया। इसके चपेट में आने से अखिलेश कुमार मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। ग्रामीण और परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले आए। जांच के बाद चिकित्सक धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है। प्रधान बलराम यादव ने बताया कि वह अभी अविवाहित था।

## शिविर में 55 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई

**बारुन, अयोध्या:** विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत खिहारन में बुधवार को फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। कैंप सुबह 10 बजे से 5 बजे तक पंचायत भवन पर आयोजित हुआ, जिसमें 17 किसानों ने अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराई। इसके अलावा क्षेत्र में लगे अन्य कैंपों में ग्राम पंचायत सुरवारा में 11, रमपुरवा में नौ और पलिया माफी में 18 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई। कैंप में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। यहां मौजूद एडीओ (कृषि) राम सुभाय ने बताया कि कृषि विभाग किसानों की सुविधा के लिए फार्म रजिस्ट्री कार्यक्रम चला रहा है। इसके तहत किसानों की समस्त खतौनियों को आधार से जोड़कर उन्हें सब्सिडी पर अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। किसानों को कृषि यंत्र, बीज, दवा और कीटनाशक सहित कई सब्सिडी वाली अनेक योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। कृषि विभाग के कर्मचारी राजेश चौधरी, आभाष श्रीवास्तव, रक्षा राम यादव, रोजगार सेवक गोविंद पाल और पंचायत सहायक रेनू पाल, शमीम अंसारी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

### कृषि यंत्रों के लिए फिर बुकिंग शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार:** कृषि विभाग ने कृषि यंत्रों के लिए बुकिंग फिर शुरू की है। बुकिंग चौथी बार कुछ समय के लिए खोली गई है। एडीओ कृषि रंजीत तिवारी ने बताया कि 25 फरवरी से 04 मार्च तक के लिए कृषि यंत्रों की बुकिंग की जाएगी। यह बुकिंग जिले स्तर पर ब्लॉकों में अवशेष रह गए लक्ष्य को पूरा करने के लिए की जा रही है। 05 मार्च को ऑटो लाटरी होगी। छह मार्च को सभी जिलों में ई-लाटरी की जाएगी। कहा कि 16 मार्च या उससे पहले ऑटो/ ई-लाटरी से चयनित लाभार्थियों को विभागीय पोर्ट पर ट्रैकिंग पर बिल, यंत्र की फोटो और अन्य जरूरी अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान की गिरफ्तारी की हुई निंदा

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीसीसी के सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला ने भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभान को गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा की। कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फर्जी मुकदमा लगाकर गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को तत्काल रिहा करने की मांग की।

### अपराधी की खुली हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर थाना रामजन्मभूमि पुलिस ने एक अपराधी को दुराचारी घोषित करते हुए उसके आपराधिक इतिहास के अनुरूप (ब) प्रकार की हिस्ट्रीशीट खोली है। अपराधी गनेशदास (61) निवासी मुर्गवा थाना इन्दरगढ़ जनपद दतिया मध्य प्रदेश, वर्तमान पता शाहूराम जानकी मंदिर सुग्रीव किला के खिलाफ थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों में छह केस दर्ज है।

### परिषद ने कन्या के विवाह में दिया दान

**अयोध्या, अमृत विचार :** चाणक्य परिषद और श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में ब्राह्मण कन्या की शादी में 51 हजार रुपये दान दिया गया। यह दान अपने चाचा के घर से अपनी पुत्री की शादी करने वाले पंकज दुबे निवासी कहुवा मिल्कीपुर की पुत्री के पाणिग्रहण संस्कार में शरीक होकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिषद और ट्रस्ट के पदाधिकारी राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डॉ. राम तेज पांडेय, विनोद तिवारी, शिव बहादुर दुबे, दुख हरण शुक्ल, पाटन दीन दुबे, बंशीधर दुबे आदि मौजूद रहे।

### बैंक के सामने से मोटरसाइकिल चोरी

**रानीबाजार, अमृत विचार :** बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक रानी बाजार शाखा के सामने से उपभोक्ता की बाइक चोरी हो गई। भुक्तभोगी ओम प्रकाश मिश्रा निवासी बंदी दासपुर ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग 11 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बैंक आया था। बैंक का कार्य करके बाहर निकला तो मोटरसाइकिल गायब थी। भुक्तभोगी ने घटना की लिखित सूचना थाना पूरा कलंदर में दी।

### एसडीएम का आदेश पर भी नहीं की पैमाइश

**पूराबाजार, अयोध्या :** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसड़ा में सार्वजनिक चकमार्ग के पैमाइश के लिए एसडीएम सदर ने राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया था लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी पैमाइश नहीं हो पाई। प्रधान का कहना है कि इसके कारण चक मार्गों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। एसडीएम सदर राम प्रसाद तिवारी ने बताया कि फसल खाली होते ही पैमाइश हो जाएगी।

### गंभीर बीमारी से ग्रस्त पत्रकार का निधान

**बीकापुर, अयोध्या :** बीकापुर के पातूपुर मजरे दोहरी निवासी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बीकापुर तहसील अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक वर्मा (54) का बुधवार दोपहर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह अपने सरल स्वभाव, निष्पक्ष लेखनी और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए जाने जाते थे।

# जिला अस्पताल से आरडीसी तक की डगर होगी आसान

## जनरेटर रूम के पास से बनेगी आरसीसी रोड, 22 लाख तक होंगे खर्च

- ऊबड़-खाबड़ इंटरलॉकिंग से मिलेगी मरीजों और तीमारदारों को निजात

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। अस्पताल के जनरेटर रूम के पास से आरडीसी (क्षेत्रीय निदान केंद्र) जांच केंद्र तक जाने की डगर अब आसान होने वाली है। मरीज व तीमारदारों व अस्पताल स्टाफ को अब जर्जर और ऊबड़-खाबड़ मार्ग से नहीं जाना पड़ेगा। यहां आरसीसी रोड बनेगी, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 22 लाख रुपये बताई जा रही है।

यह रास्ता काफी दिनों से खराब हालत में पड़ा हुआ था। इंटरलॉकिंग टाइल्स उखड़ चुकी थीं, जिससे स्ट्रेचर पर लेटे मरीजों को मेडिकल कराने व अन्य जांच को जाने वाले मरीज व तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। तीमारदार भी कीचड़ और गड्ढों से जूझते हुए अस्पताल परिसर में आते-जाते थे। बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते थे, क्योंकि पानी भरने से रास्ता कीचड़युक्त हो जाता था। मरीजों के परिजनों ने कई बार शिकायत की थी कि इस जर्जर रास्ते के कारण इलाज में देरी हो रही है और मरीजों को अतिरिक्त कष्ट उठाना पड़ रहा है।



आरसीसी रोड के निर्माण के लिए आरडीसी जाने वाला प्रस्तावित मार्ग। अमृत विचार

> कार्य कराने की स्वीकृति मिल चुकी है। वर्तमान में अस्पताल परिसर में नाले इत्यादि को ठीक कराया जा रहा है। मार्ग का निर्माण भी शीघ्र शुरू होगा। बजट की सटीक राशि विभाग खुलने के बाद ही स्पष्ट रूप से बताई जा सकती है।
> –डॉ. राजेश सिंह, प्रभारी सीएमएस, जिला अस्पताल

**मंडलायुक्त के निरीक्षण के बाद निर्माण का रास्ता हुआ साफ :** इस समस्या को लेकर काफी समय से प्रयास चल रहे थे। पहले प्रस्ताव 28 लाख रुपये के टेक्निकल सेंक्शन (टीएस) के लिए भेजा गया था। उसके बाद कई बार रिमाइंडर भेजे गए। पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम के कार्यकाल में मंडलायुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होंने अस्पताल के खुले नालों की सफाई और जर्जर मार्ग को ठीक कराने के सख्त निर्देश दिए थे। निरीक्षण के बाद ही प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया और स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू हुई। लंबी प्रतीक्षा के बाद अब स्वीकृति मिल गई है।

# 10 टीबी मरीजों को वितरित की पोषण पोटली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. बीके सिंह चौहान व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेंद्र भिटौरिया ने 10 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। सहजन, दाल, दूध. पनीर के साथ हरी साग-सब्जी के सेवन के लिए कहा गया। सीएमओ डॉ. भिटौरिया ने टीबी के लक्षण व जांच के संबंध में विस्तार से बताया। कहा कि शासन के द्वारा प्रतिमाह एक हजार रुपये पोषण के लिए डीबीटी के माध्यम से दिया जाता है। टीबी के मरीजों की जांच व दवा स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने जिले के आईएमए, जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, स्वयं सेवी संस्थाओं से अपील की कि टीबी के मरीजों को गोद लेकर निश्चय मित्र बनें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि टीबी से बचाव की दवाओं को निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. पीसी भारती, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक पांडेय, एसटीएलएस उमेश शुक्ला व अन्य उपस्थित रहे।



टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित करते एडी हेल्थ व मौजूद अन्य। अमृत विचार

## सपा नेता व पूर्व मंत्री ने की मुआवजा देने की मांग

**अयोध्या, अमृत विचार:** दिनेश कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, राजेश कुमार गुप्ता एवं शिवम साहू बुधवार को सपा नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायन पांडेय से मिले। बताया कि माझा बरहटा में उनकी तीन बिस्वा भूमि है। जिस पर उन्होंने बाउंड्रीवॉल बना टीन शेड लगाकर गोदाम बना रखा है। इसी से उनकी आजीविका चल रही थी। बताया कि आवास विकास परिषद द्वारा उक्त जमीन का अधिग्रहण किया गया है, 24 फरवरी को परिषद के अधिकारियों ने उन्हें बिना नोटिस दिए ही उक्त निर्माण को गिराकर अपने कब्जे में ले लिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारियों द्वारा बिना नोटिस दिए मकान और दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित को सर्किल रेट से छह गुना मुआवजा या जमीन के बदले जमीन दी जाए।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत, चार गंभीर

**मवई, अयोध्या:** पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार रात करीब 8 बजे पटरंगा-मवई चौराहा मार्ग पर पचलो गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान दिनेश कुमार पुत्र राम गुलाम निवासी नेवरा थाना मवई, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। घायलों में मोहम्मद तौसीफ पुत्र मोहम्मद नईम निवासी आलियाबाद, जनपद बाराबंकी, अजय पुत्र राम तीरथ निवासी आलियाबाद बाराबंकी, अनिल कुमार पुत्र हृदय लाल निवासी भिटरिया सुमेरगंज जनपद बाराबंकी, तथा शुभम पुत्र जगदीश निवासी आलियाबाद, जनपद बाराबंकी शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। एक युवक की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।

# शंकराचार्य मामले में निष्पक्ष जांच को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी से जुड़े मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने बुधवार को कार्यालय कमला नेहरू भवन पर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा को सौंपा। उच्चस्तरीय जांच की मांग की। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि धार्मिक परंपराओं और संत समाज के सम्मान से जुड़े मामलों में सरकार का रवैया चिंताजनक है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, अनिल तिवारी, उमेश उपाध्याय, हरजीत सिंह सलूजा, राजकुमार पांडेय, नाजिश फतिमा आदि मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के पदाधिकारी।

# 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर बढ़ेंगी सुविधाएं

**तीर्थयात्रियों को सुविधा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** निर्माणाधीन 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर व्यापक विकास हो रहा है। इससे तीर्थ यात्रियों को काफी सुगमता होगी। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पर्यटन और तीर्थाटन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह परिक्रमा मार्ग अयोध्या की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है जो लगभग 40-45 किलोमीटर लंबा है। यह सरयू नदी के आसपास फैला हुआ है। यहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम की नगरी की परिक्रमा करते हैं। कार्तिक में परिक्रमा का विशेष महत्व होता है।

यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 2124.53 लाख रुपये है। इस राशि से मार्ग पर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इनमें विश्राम गृह, स्तम्भ, कुंडों का निर्माण, इंटरप्रिटेशन वॉल, शिलालेख, डारेक्शनल साइनेज, पाथवे, स्टोन बेंच, डस्टबिन, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल और छतरी का निर्माण शामिल है। ये सुविधाएं तीर्थ यात्रियों को विश्राम, दिशा-निर्देश, स्वच्छता और सौंदर्य का पूर्ण आनंद प्रदान करेंगी। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे ने बताया कि यह परियोजना न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी।



14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर कुंड का किया गया जीर्णोद्धार। अमृत विचार

**कुंडों का कार्य विशेष रूप से प्रस्तावित**

विशेष रूप से मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण कुंडों और स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लक्ष्मी सागर कुंड, वैतर्णी कुंड, निर्मली कुंड, गिरिजा कुंड और विभीषण कुंड जैसे पवित्र स्थलों पर विशेष कार्य प्रस्तावित हैं। इन कुंड का जीर्णोद्धार और सुंदरीकरण श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही विघ्नेश्वर नाथ शिवमंदिर का भी विकास कार्य चल रहा है, जो मार्ग की धार्मिक महत्ता को और बढ़ाएगा।




कार्यक्रम को संबोधित करते गणमान्य। अमृत विचार

## किसानों को किया गया सम्मानित

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** हैरिंगटनगंज स्थित समर्थ दुग्ध उत्पादक कंपनी के दुग्ध अवशीतन केंद्र पर दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत मांडव्य ने की। दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रोत्साहन राशि एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कंपनी की निदेशक मंडल सदस्य पुनीता, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. ओपी सिंह, अनूप मिश्रा, निर्भय तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अम्बरीष सिंह बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की राष्ट्रीय एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा अम्बरीष सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश कार्यालय लखनऊ से अयोध्या पहुंचने पर विभिन्न संगठनों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बुके व अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी यशपाल सिंह ने अम्बरीष सिंह को पांच जिलों की जिम्मेदारी भी सौंपी है। प्रदेश महासचिव सूर्यभान सिंह ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी में 15 उपाध्यक्ष बनाए जाने का प्रावधान है।

# नौ के खिलाफ दर्ज होगी क्रॉस रिपोर्ट

## जातीय उन्माद फैलाने की पोस्ट को डिलीट करने को लेकर हुई थी मारपीट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** इंस्टाग्राम आईडी से स्टोरी पोस्ट कर जाति विशेष के बारे में अपशब्द लिखने, जातीय उन्माद फैलाने की पोस्ट को डिलीट करने के आग्रह पर हुई मारपीट में नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश हुआ है। यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय आशुतोष सिंह की अदालत से बुधवार को हुआ है। फौजदारी के अधिवक्ता रजनीश सिंह ने बताया कि प्रज्वल सिंह निवासी बभनियावा ने कोर्ट में अर्जी दी थी। जिसमें आरोप लगाया था कि चिरंजीव तिवारी उर्फ चिंटू माफिया द्वारा अपनी इंस्टाग्राम आईडी से स्टोरी पोस्ट कर जाति विशेष के बारे में अपशब्द लिखा था। इस पोस्ट को नीरज सिंह ने फोन करके डिलीट करने का आग्रह किया। जिस पर चिरंजीव तिवारी ने मिल बैठकर सुलझाने को कहा। 17 अगस्त 2025 की सुबह 10:30 बजे नीरज सिंह तथा अन्य लोगों के साथ बात करने के लिए गांव जा रहे थे। गांव के पहले बाग में ही बृजभान तिवारी, चिरंजीव तिवारी, मालेन्द्र तिवारी, आशीर्वाद तिवारी ,अर्पित तिवारी, अवनीश तिवारी, कृष्ण तिवारी, अभिनंदन तिवारी व नवदीप तिवारी निवासी ग्राम देवई थाना रौनाही ने एक राय होकर अपने अपने हाथ में लाठी डंडा बास व कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर दिया, जिसमें प्रज्वल सिंह को चोटें आई। वो रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए थाना रौनाही गए। वहां पुलिस ने उन्हें बैठा लिया और विपक्षीगण के प्रभाव में उनके विरुद्ध ही झूठे कथनों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करवा कर दी। इसके बाद जेल भेज दिया। 29 सितंबर 2025 को जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने कोर्ट में अर्जी दी। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश रौनाही थानाध्यक्ष को दिया है।

## वेब सीरीज यादव जी की लव स्टोरी हो प्रतिबंधित

**रुदौली अयोध्या, अमृत विचार:** तहसील रुदौली में वेब सीरीज़ यादव जी की लव स्टोरी को प्रतिबंधित किए की मांग को लेकर बुधवार को समाजवादी अधिवक्ता सभा के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार विजय कुमार गुप्ता को सौंपा। इसमें फ़िल्म को प्रतिबंधित किये जाने की मांग की।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन, पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण यादव, अमर सिंह यादव, साहब सारण वर्मा, बालेन्द्र सिंह, रामेश्वर पिंटू, आदि मौजूद रहे।

**सूरत-ए-हाल** अयोध्या धाम बस स्टेशन को मिली हैं 20 नई इलेक्ट्रिक बसें,

# नई एसी बसों के संचालन में रजिस्ट्रेशन की बाधा

- लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के लिए होना है इन बसों का संचालन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम बस स्टेशन पर खड़ी चमचमाती 20 नई इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में रजिस्ट्रेशन की बाधा आ रही है। इसका कारण रजिस्ट्रेशन नियमों में किया गया बदलाव बताया जा रहा है। ऐसे में होली से पहले इसके संचालन पर बाधा नजर आ रही है।

अयोध्या धाम बस स्टेशन को 20 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिली है। गोरखपुर, लखनऊ, वाराणसी व प्रयागराज मार्ग पर पांच-पांच बसें चलाने की योजना है। इन बसों को अयोध्या पहुंचे हुए करीब 25 दिन बीत चुके हैं। परिवहन निगम ने इन बसों को होली के पूर्व ही चलाने की घोषणा की थी, लेकिन नियमों में बदलाव के चलते अभी तक इनमें से मात्र छह बसों का ही रजिस्ट्रेशन हो सका है। शेष के लिए प्रयास किया जा रहा है। वहीं, रजिस्ट्रेशन पूर्ण होने पर इन बसों को हरी झंडी दिखाने के लिए माननीय का समय लेने की बात कही जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि होली के पूर्व इन बसों के चलने पर असमंजस की स्थिति है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि बसों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही बसों का संचालन किया जाएगा।




अयोध्या धाम बस स्टेशन में खड़ी नई ई-बसें। अमृत विचार

**परिवहन निगम के कर्मियों का मिलेगी प्रोत्साहन राशिः** होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही के लिए योगी सरकार ने विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। साथ ही, पर्व अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 300 किमी. संचालन पर चालक–परिचालकों को 360 प्रतिदिन की दर से 3600 रुपये मिलेंगे। 10 दिन की पूर्ण ड्यूटी और निर्धारित मानक पूरा करने पर 450 प्रतिदिन की दर से 4500 रुपये व मानक से अधिक किलोमीटर चलने पर 55 पैसे प्रति किमी. अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। बताया कि डिपो व क्षेत्रीय कार्यशालाओं के कर्मचारियों को 10 दिन की ड्यूटी पर 2100 रुपये व नौ दिन पर 1800 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को अतिरिक्त सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

**कार्यालय : नगर निगम अयोध्या**

पत्रांक: 877/न0नि0अयो0/2025–26 दिनांक 25.02.2026

विषय :– ई–निविदा सूचना मेला मद में धनावंटन की प्रत्याशा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न क्षेत्रों में सजावट के लिए निम्नानुसार उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापन कार्य हेतु ई–निविदा ।

**ई–निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेला मद में धनावंटन की प्रत्याशा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न क्षेत्रों में सजावट के लिए निम्नानुसार उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापन कराये जाने हेतु सम्बन्धित फर्मो से दिनाँक: 26.02.2026 से 09.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की गयी है। प्राप्त निविदाओं को दिनाँक: 09.03.2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे खोला जायेगा। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी ई–निविदा पोर्टल http://etender.up.nic.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 | विवरण | मात्रा |
| --- | --- | --- |
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था को संचालित करने के लिए 150 वाट एल0ई0डी0 ड्राइवर की आपूर्ति। | 200 अदद |
| 2 | विभिन्न क्षेत्रों में सजावट हेतु एल0ई0डी0 स्ट्रिप लाइट की आपूर्ति /स्थापन । | 10000 रनिंग मीटर |
| 3 | राष्ट्रीय राजमार्ग पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए 150 वाट एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति /स्थापन । | 50 अदद |

अधिशाषी अभियन्ता (वि0 /याँ0)
नगर निगम अयोध्या

# वैज्ञानिक पद्धति व नवाचार से किसानों की आय में वृद्धि संभव : शिवराज सिंह

## कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा में किसानों और वैज्ञानिकों से किया संवाद



कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों से संवाद करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख साथ में मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र यादव।



निरीक्षण करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व साथ में वीसी डॉ. बिजेंद्र सिंह।

**मसौधा, अयोध्या**

**अमृत विचारः** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक पद्धतियों और नवाचारों को अपना कर किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। वह बुधवार को आचा र्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मसौधा में किसानों और वैज्ञानिकों से संवाद कर रहे थे।

बतौरा मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष वीपी शाही ने केंद्र पर संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। संवाद में विभिन्न क्षेत्रों के प्रगतिशील किसान राजबहादुर वर्मा, शोभा राम, आलोक वर्मा, ईश्वर दयाल सिंह, ड्रोन दीदी सबीना खतून, राम लौट वर्मा आदि शामिल रहे। मंत्री चौहान ने बातचीत में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक और ड्रोन उपयोग, यंत्रीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने शोभा राम द्वारा अपनाई गई एकीकृत कृषि प्रणाली और सबीना खातून द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से किए जा रहे नवाचारों की विशेष सराहना की। संवाद के दौरान उन्होंने गेहूं, धान, गन्ना, आलू, श्री अन्न में प्रजातियों के प्रतिस्थापन के कार्य की भी सराहना की। इसके बाद परिसर में अमरूद का पौधा भी लगाया। कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र यादव, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कानपुर अटारी के निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक प्रसार राम बटुक सिंह के साथ सभी वैज्ञानिक मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटेदार की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**भियांव, अंबेडकरनगर :** जनपद की जलालपुर तहसील अंतर्गत जीवत खुर्रमअली ग्राम सभा में कोटेदार की कार्यप्रणाली को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है और तथाकथित पोटली सिद्वांत के नाम पर तय मानक से कम राशन दिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कोटेदार द्वारा कुछ लोगों को यह कहकर राशन थमा दिया जाता है कि यही आपका राशन है, जबकि कई लाभार्थियों का आरोप है कि निर्धारित मात्रा की जगह पहले से बंधी पोटली के रूप में राशन दिया जाता है। इसे लेकर गांव के कुछ लोगों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। बुधवार को जिलाधिकारी के आदेश पर सप्लाई इंस्पेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत भवन पर जांच की कार्रवाई की गई। ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए तथा सादे कागज पर पूछे गए प्रश्नों के आधार पर हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लिए गए।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, 12 घायल

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर पिकअप और टेम्पो के बीच हुए भीषण टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे में एक दर्जन लोग घायल हैं, जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया।

# रंगीन मछलियां आय बढ़ाने में वरदान साबित होंगी : औलख

**कुमारगंज, अयोध्याः** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख बुधवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि नवाचार, विकास कार्य एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि को लेकर चल रहे शोध कार्यों का भी निरीक्षण किया। कहा, आने वाले समय में रंगीन मछलियां किसानों की आय को बढ़ाने में वरदान साबित होंगी। राज्यमंत्री औलख सबसे पहले मात्सियकी प्रक्षेत्र पहुंचे।जहां उन्होंने मत्स्य पालन, सघन मछली पालन यूनिट और मखाना की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी ली और मछलियों को दाना खिलाया। उन्होंने रंगीन मछलियों के बीज उत्पादन को देखा। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने राज्यमंत्री को विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखकर विवि में हो रही फसलों की बोआई को मंत्री ने बारिकी के साथ परखा। उन्होंने दलहनी फसलों अरहर, चना, मसूर, मटर, राजमा आदि का निरीक्षण किया और कहा कि चने पर लगने वाले कुष्ट रोग को दूर करने के लिए कार्य करने की जरूरत है। मंत्री ने नरेंद्र अरहर-2 की सराहना करते हुए कहा कि किसान इस प्रजाति का अधिक प्रयोग करें। किसानों की समृद्धि, आत्मनिर्भर कृषि और तकनीक आधारित खेती के संकल्प को साकार करने की दिशा में ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# इंजेक्शन से श्रीचंद्र के विकलांग हो जाने का लगाया आरोप, शिकायत

**सोहावल, अयोध्या**

**अमृत विचारः** ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट क्लीनिक के नीम-हकीमों की मनमानी थम नहीं रही है। अवैध क्लीनिकों में मनमानी इलाज से कई लोगों की जान जाने की नौबत बन गई। कई अपंग हो रहे हैं। ताजा मामला रौनाही थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी बाजार का है। आरोप है कि पेट दर्द की शिकायत लेकर गए एक ग्रामीण को नीम हकीम से लगाए गए एक इंजेक्शन ने विकलांग बना दिया। पीड़ित शर्मावती निवासी गांव टंडवा ने बताया कि उसके पति श्रीचंद रायबरेली में मजदूरी करते थे। छह महीने पहले पेट दर्द होन पर ड्योढ़ी बाजार स्थित एक नीम हकीम की क्लीनिक पर गई थी। उसके द्वारा लगाये गए इंजेक्शन के कुछ ही देर बाद उनके पति का एक पैर सुन्न हो गया। धीरे-धीरे वह चलने में असमर्थ हो गए।

पीड़िता का आरोप है कि उस समय डॉक्टर ने सुई नस में लग जाने की चूक मानते हुए मुफ्त इलाज कर एक सप्ताह में ठीक करने का वादा भी किया, लेकिन कोई फायदा न होने पर दवा लिखी पर्ची मंगवा ली। भरोसे में आकर पति के ठीक होने की लालसा में सारी दवा की पर्ची दे दी।जिसके मिलने के बाद जब वह शिकायत लेकर दोबारा क्लीनिक पहुंची तो अस्पताल स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता करते हुए भगा दिया।न्याय की उम्मीद में महिला ने एसडीएम सोहावल से शिकायत की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल को जांच मिली। उसके न रहने पर चार सदस्यीय टीम पहुंची। संबंधित आरोपी डॉक्टर को क्लीन चिट दे दी गई। सीएमओ देवेंद्र कुमार भटौरिया ने बताया की शिकायती पत्र मिला है, जांच करने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# टीईटी के विरोध में काली पट्टी बांध जताया विरोध

**बीकापुर, अयोध्याः** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में बुधवार को बीकापुर शिक्षा क्षेत्र के सभी परिषदीय स्कूलों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अपनी बाहों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री रवींद्र गौतम ने बताया कि बीकापुर शिक्षा क्षेत्र में संचालित कंपोजिट विद्यालय भीखीसराय, धानापारा, बनकट, कुढ़ा , पूरे नंदा, कोंछा, बेनीपुर , पूरे चौबे राम नगर, चौरे बाजार, वासुदेवपुर, प्राथमिक विद्यालय बीकापुर, चंदौली, दुबावां, सतना, पकड़ी दुर्गादास पुर , रामपुर भगन, मठिया, गुंधौर, डेहरियावां, हरी का पुरवा, बैदौली सहित सभी परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया गया। जिसमें हरिकिशन, अनिल सिंह, द्वारिकाधीश उपाध्याय, प्रियाकांत, रविंद्र गौतम, विद्या यादव, रमाशंकर, रमेश चंद्र यादव, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, राम सुभावन, संतोष गुप्ता समेत सभी शिक्षक शामिल रहे। वहीं जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ और महिला शिक्षक संघ द्वारा 26 फरवरी को दोपहर एक बजे से बीएसए कार्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी पूरी हो गई है।



काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

# दहेज न मिलने पर पति ने रचाई दूसरी शादी, 5 लोगों पर मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** जैतपुर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीडऩ और एक पत्नी के रहते दूसरी शादी करने का मामला सामने आया है। पीडि़ता के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि अर्चना यादव की शादी वर्ष 2007 में ग्राम दौलताबाद थाना जैतपुर निवासी मातिवर उर्फ गुड्डू पुत्र श्रीराम के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के समय परिजनों द्वारा नगद धनराशि, मोटरसाइकिल और अन्य घरेलू सामान देने के बावजूद ससुराल पक्ष कम दहेज लाने की बात कहकर उसे प्रताडि़त करता रहा। बाद में संतान न होने को लेकर भी उसे ताने दिए जाते थे। परिजनों का आरोप है कि लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर अर्चना अपने मायके आकर रहने लगी। इसी दौरान उसके पति मातिवर की दूसरी शादी जयराम की पुत्री शिम्पा से मार्च 2025 में करा दी गई। नवंबर 2025 में ससुराल पक्ष द्वारा दूसरी शादी की जानकारी दी गई और अर्चना को वापस न ले जाने की बात कही गई। पीड़िता पक्ष की शिकायत पर थाना जैतपुर पुलिस ने पति मातिवर उर्फ गुड्डू, सास मुन्नी देवी, ससुर श्रीराम, सीताराम तथा अन्य नामजद लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### हादसे में साइकिल सवार छात्र की मौत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के टांडा थाना क्षेत्र के हसनपुर सुन्थर के पास बीती रात कार की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि थाना क्षेत्र के हसनपुर सुन्थर निवासी 25 वर्षीय मंजीत कुमार पुत्र हरीलाल बीती रात साइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को एम्बुलेंस से टांडा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# मानकों का पालन करें होमस्टे संचालक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**



कलेक्ट्रेट कार्यालय में लाभार्थियों के साथ विचार-विमर्श करते जिलाधिकारी।

- **जनपद में अब तक होमस्टे संचालन के लिए कुल 13 आवेदन आए**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा संचालित ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट होमस्टे नीति-2025 के तहत जनपद में प्राप्त आवेदनों के संबंध में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक में संबंधित लाभार्थियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक होमस्टे संचालन के लिए कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 11 आवेदन ग्रामीण पर्यटन योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत दरवन एवं चिऊटीपारा श्रवण धाम क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं, जबकि 02 आवेदन नगरीय क्षेत्र अकबरपुर से प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों पर समिति के समक्ष बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि होमस्टे संचालक निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें, जिससे जनपद में ग्रामीण एवं नगरीय पर्यटन को बढ़ावा मिल सके तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर विकसित हों।

# हत्या में दोषी पूर्व ब्लॉक प्रमुख दूसरी जेल शिफ्ट

- **सुरक्षा कारणों से अंबेडकरनगर से नैनी सेंट्रल जेल भेजा गया**

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कटेहरी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख को बुधवार को जिला जेल से नैनी सेंट्रल जेल स्थानांतरित कर दिया गया। यह स्थानांतरण सुरक्षा कारणों के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया।

जेल प्रशासन के अनुसार, स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान पुलिस और पीएसी बल की तैनात रही। यह पूरी प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। सूत्रों के मुताबिक मामले की संवेदनशीलता और संभावित सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। अदालत ने हाल ही में हत्या के इस चर्चित मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद से ही जिला जेल प्रशासन सतर्क था और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की गई। बंदी को बुधवार सुबह कड़ी निगरानी में जेल से निकाला गया। उसे पुलिस एस्कॉर्ट के साथ सडक़ मार्ग से प्रयागराज ले जाया गया। पूरे रास्ते सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट रहीं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि हाई-प्रोफाइल और संवेदनशील मामलों में सजायाफ्ता कैदियों को सुरक्षा आकलन के आधार पर अन्य जेलों में स्थानांतरित करना एक सामान्य प्रक्रिया है।

# विधायक ने सीसी रोड का किया शुभारंभ

**न्यौरी, अंबेडकरनगरः** जनपद के विधान सभा क्षेत्र आलापुर के विकास खंड रामनगर के ग्राम संदहा में मोहम्मद के खेत से चंगेज खा के घर होते हुए सिराजुद्दीन के खेत तक पूर्वांचल विकास निधि योजना के तहत 46 लाख 69 हजार रुपए की लागत से सीसी मार्ग के कार्य का उद्घाटन सपा के राष्ट्रीय सचिव आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त ने फीताकाट कर किया।




ग्राम संदहा में सीसी रोड का शुभारंभ करते विधायक त्रिभुवन दत्त। अमृत विचार

विधायक त्रिभुवन दत्त का ग्राम वासियों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस मार्ग के बन जाने से आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य मार्गों का भी प्रस्ताव दिया गया है, जिसका कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि मौजूदा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। प्रदेश में गाजीपुर से लेकर गाजियाबाद तक हाहाकार मचा हुआ है। चोरी, डकैती, छिनैती, हत्या, लूट, बलात्कार चरम पर है। प्रदेश के लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहें। छात्र, किसान, नौजवान, व्यापारी सभी वर्ग के लोग मौजूदा सरकार से त्रस्त हैं, बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा, आरक्षण पर हमला हो रहा है, छात्र अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हैं। इस दौरान रवींद्र यादव, अजय गौतम कृष्ण कुमार पाण्डेय आदि रहे।

# कामरेड अकबर ने जीवन भर शोषितों के लिए संघर्ष किया

**अंबेडकरनगर, अमृत विचारः** इस्लाम धर्म में नेक व पुण्य कार्यों यानी नेक अमल का महत्व अत्यंत ऊंचा है, क्योंकि यह ईमान के साथ मिलकर जन्नत प्राप्ति का आधार बनते हैं। कुर्आन और हदीस में इनकी बार-बार तारीफ की गई है, जो गुनाहों की माफी और अल्लाह की रहमत का स्रोत हैं।

उक्त तथ्य पेश इमाम मौलाना अकबर अली वायज ने प्रस्तुत किया। वह मंगलवार की रात्रि में जामा मस्जिद मीरानपुर में फरहत अब्बास रिजवी तथा गालिब अब्बास रिजवी की ओर से उनके वालिद पूर्व विधायक कामरेड सैयद अकबर हुसैन बाबर के इसाले सवाब के लिए आयोजित बरसी की मजलिस को संबोधित कर रहे थे। उपस्थित लोगों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने कुर्आन में मौजूद सूरह बकरह की उन आयतों का उदाहरण दिया, जिसमें कहा गया है कि जो लोग ईमान लाए और नेक काम किए, वे जन्नतवासी होंगे। नेक अमल अल्लाह की प्रसन्नता और अच्छी जिंदगी का जरिया है। मौलाना अकबर अली ने मरहूम अकबर हुसैन बाबर का उल्लेख करते हुए कहा कि संपूर्ण पूरा जीवन गरीबों, मजलूमों, शोषितों और पीड़ितों को उनका हक, इंसाफ दिलाने में व्यतीत हुआ, जिसे फरामोश नहीं किया जा सकता है।

# मरीजों को बेहतर उपचार देना प्राथमिकता

**टांडा, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचारः** जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज में मोतियाबिंद के मरीजों के लिए विशेष सर्जरी अभियान बुधवार से शुरू हो गया है। एनटीपीसी शिविर में चिन्हित किए गए मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन नेत्र विभाग में किया जा रहा है। यह अभियान 25 से 27 फरवरी तक प्रतिदिन संचालित होगा। पहले दिन कुल 45 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने नेत्र वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उन्हें मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों और बेहतर चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता है। ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है। टीम में डॉ. अमित पटेल, डॉ. आरएस वर्मा, डॉ. साजनदेव केसर और डॉ. सृष्टि नागराजन शामिल हैं। सीनियर रेजीडेंट डॉ. दीपक वर्मा और डॉ. वर्षा के साथ जू. रेजीडेंट डॉ. अजय, डॉ. अरबी, डॉ. आनंद पटेल और डॉ. नीलम ऑपरेशन में सहयोग कर रहे हैं।



मरीजों के लिए आयोजित शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते प्रधानाचार्य।

- **तीन दिवसीय अभियान में 45 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन**

**समीक्षा बैठक** जिलाधिकारी के निर्देश पर पीडी डीआरडीए ने कलेक्ट्रेट सभागार में अंडा उत्पादन और उपलब्धता की समीक्षा की

# किसानों और बेरोजगारों को दें योजनाओं की जानकारी : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अंडा उत्पादन और उपलब्धता की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ने समीक्षा में पाया कि उत्तर प्रदेश में लगभग डेढ़ करोड़ से 1.7 करोड़ का उत्पादन प्रतिदिन किया जा रहा है, जबकि आवश्यकता 3.5 करोड़ से साढ़े पांच करोड़ की है। जनपद की कुल जनसंख्या 24 लाख है, वहीं 25 प्रतिशत के हिसाब से अंडा की खपत 6 लाख लगभग है। 180 अंडा प्रति कैपिटा के हिसाब से कुल अंडा की आवश्यकता 10 करोड़ 80 लाख प्रति वर्ष है। वर्तमान में जनपद का अंडा उत्पादन प्रतिमाह लगभग तीस लाख का है। समीक्षा में पाया गया कि 60 लाख प्रति माह अंडे की कमी है। जनपद में वर्तमान में पांच पैरेंट फार्म व लगभग चार सौ से पांच सौ ब्रायलर फार्म हैं। जनपद में 07 लाख 20 हजार कुल चूजा उत्पादन हो रहा है, जबकि 15 लाख चूजे की आवश्यकता है। परियोजना निदेशक ने बैठक में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशत किया कि जनपद में कुक्कुट विकास नीति-2013 के तहत संचालित योजनाओं के प्रति किसानों और बेरोजगारों को जागरूक करें। वर्तमान सरकार द्वारा सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा। उन्होंने कहा कि कामर्शियल लेयर व ब्रायलर पैरेंट फार्म की स्थापना के लिए जो मार्च 2013 से 2022 के बीच लाभान्वित न हुआ हो उसे प्रेरित किया जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-2022 के अंतर्गत जनपद में कुक्कुट पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रोत्साहनात्मक सुविधाएं एवं अनुदान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में अंडा एवं मांस उत्पादन को बढ़ाना, प्रोटीन युक्त आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करना, कुक्कुट मांस की सतत आपूर्ति बनाए रखना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। साथ ही कुक्कुट पालन के क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देकर किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। परियोजना निदेशक डीआरडीए ने जनपद के पशुपालकों एवं युवा उद्यमियों से अपील किया है कि वह इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं तथा जनपद में कुक्कुट उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहभागी बनें। बैठक के दौरान अंडा उत्पादन के उद्यमी और संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। पात्र पशुपालकों के पास न्यूनतम एक एकड़ भूमि होना आवश्यक : नीति के अंतर्गत भूमि की आवश्यकता के अनुसार 10 हजार क्षमता की एक व्यावसायिक लेयर इकाई एक एकड़ में, 30 हजार क्षमता की 2.5 एकड़ में ब्रायलर इकाई, 60 हजार क्षमता की 4 एकड़ में लेयर इकाई तथा 10 हजार क्षमता की 4 एकड़ में ब्रायलर पैरेंट इकाई स्थापित की जा सकती है।



कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में अंडा उत्पादन और उपलब्धता की समीक्षा करते परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह। ● अमृत विचार

# शॉर्ट सर्किट से रिहायशी मंडई में लगी आग, सामान जलकर खाक

**महाराजगंज, आजमगढ़, अमृत विचारः** कप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा परसमनपुर चौबेपुर में बुधवार को करीब दोपहर 12 बजे शॉर्ट सर्किट से एक रिहायशी मंडई में भीषण आग लग गई। आग लगने से मंडई में रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

परसमनपुर चौबेपुर निवासी सुरती देवी पत्नी रामचेत निषाद की रिहायशी मंडई में अचानक आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों के मुताबिक आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ग्रामीणों ने मिलकर काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। देखते ही देखते मंडई में रखा घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल की व्यवस्था पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

### किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की पंद्रह वर्षीय किशोरी को मंगलवार को दिन में घर में अकेली देख गांव का अट्ठारह वर्षीय युवक घर में धुस कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा किशोरी के गुहार पर भाग खडा हुआ,किशोरी के माता पिता खेत गये थे खेत से लौटने पर किशोरी ने सारी बातें अपनी मां से बतायी। बुधवार को मां के साथ पीड़ित ने थाना पहुंच कर तहरीर देकर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी अनिरुध कुमार ने बताया आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### विज्ञान परीक्षा में 2,302 छात्र रहे अनुपस्थित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के दौरान बुधवार को बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। खासकर हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा में अनुपस्थित रहने वालों की संख्या चौंकाने वाली रही।प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान विषय के लिए कुल 20,413 छात्र और 19,597 छात्राएं पंजीकृत है। इनमें से 1,444 छात्र और 858 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। इस प्रकार कुल 2,302 परीक्षार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा छोड़ दी। वहीं इंटरमीडिएट में कला वर्ग में छह छात्र और 44 छात्राएं पंजीकृत थीं, जिनमें से एक छात्रा संगीत की परीक्षा में शामिल नहीं हुई। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान व समाजशास्त्र विषय में 13,935 छात्र और 12,934 छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 886 छात्र और 436 छात्राएं अनुपस्थित रहीं।

# मासूम से दुराचार के दोषी को 20 वर्ष की कैद

## कोर्ट ने लगाया 10 हजार रुपए अर्थदंड, संपूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीड़िता को देने का दिया आदेश



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के एक गांव में दो साल पूर्व पांच वर्षीय मासूम से दुराचार करने के दोषी वीरेन्द्र चौहान पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को जेल से तलब कर सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है।

विशेष लोक अभियोजक रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 20 जून 2024 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता की मां ने आरोप लगाया था कि घर में प्लास्टर का कार्य हो रहा था। आरोपी घर में मजदूरी का कार्य कर रहा था। पीड़िता की मां ने अबोध बालिका से पानी की मोटर चलाने के लिए मजदूर से कहने की बात कही। उसी दौरान आरोपी वीरेंद्र चौहान ने पीड़िता के साथ यौन शोषण किया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये पांच गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### सोमनाथ भारती पर विवादित टिप्पणी प्रकरण में नहीं तय हो सके आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती के खिलाफ विवादित टिप्पणी के मामले में बुधवार को जरिए वीडियो आरोप तय नहीं हो सके। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता ने उन्हें साकेत जिला कोर्ट नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आरोप तय करने अनुमति के लिए प्रार्थनापत्र दिया जिसे कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने मंजूर कर आरोप तय करने के लिए 16 मार्च की तारीख नियत की है।

विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक अमेठी जनपद के जगदीशपुर थाने में वर्ष 2021 में दर्ज इस मुकदमे में सोमनाथ भारती की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आरोप तय करने की अर्जी दी गई थी। हरपालपुर जगदीशपुर निवासी सोमनाथ साहू ने अभद्र टिप्पणी के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### दलित उत्पीड़न व मारपीट मामले में गवाही दर्ज, सुनवाई 5 अप्रैल को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** थाना कादीपुर क्षेत्र के ग्राम गौरा बीबीपुर में चार साल पूर्व में घटित मारपीट व एससी/एसटी एक्ट से जुड़े प्रकरण की सुनवाई बुधवार को विशेष कोर्ट एससी/एसटी के न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत में हुई। परिवादी की गवाह बदामा अधिवक्ता संतोष मिश्र के साथ अदालत पहुँची और न्यायालय के समक्ष घटना के संबंध में अपना बयान दर्ज कराया। गवाही के दौरान गवाह ने आरोपितों द्वारा जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने एवं पुलिस द्वारा अवैध रूप से बन्द कर मारपीट किये जाने की घटना का वृतांत प्रस्तुत किया। अदालत ने गवाही दर्ज करने के उपरांत शेष गवाहों की गवाही हेतु 5 अप्रैल की तिथि नियत की है। कादीपुर थानाक्षेत्र के गौरा बीबीपुर निवासी संतोष हरिजन ने दरोगा हरभजन सिंह, सिपाही राज बहादुर पटेल, विजय पटेल और गांव के रामजी, विक्रमाजीत वर्मा व मनोज सिंह के खिलाफ 20 जून 2022 को परिवाद दायर किया था।

### चिकित्सक हत्याकांड में बहस जारी, वादिनी की सुरक्षा बढ़ाई गई

चर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड मामले में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में सुनवाई जारी रही। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच वादिनी निशा तिवारी अपने अधिवक्ता संतोष पांडेय के साथ अदालत में उपस्थित हुईं । बुधवार को अभियोजन पक्ष की ओर से संतोष पांडेय ने व बचाव पक्ष की ओर से अरविंद सिंह राजा ने बसह की । बहस पूरी न होने से कोर्ट ने शेष बहस के लिए गुरुवार की तारीख नियत की है। बहस के बाद अदालत शीघ्र ही अपना अहम फैसला सुनाएगी। मामले की गंभीरता और पत्रावली निस्तारण की प्रक्रिया अंतिम चरण में होने के चलते प्रशासन ने वादिनी निशा तिवारी की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तीन अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। शास्त्री नगर, कोतवाली नगर की रहने वाली वादिनी निशा तिवारी ने 23 सितंबर 2023 की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उनके पति घनश्याम तिवारी की हत्या का आरोप लगाया गया था। मामले में पुलिस ने नारायनपुर गांव निवासी जगदीश नारायण सिंह, विजय नारायण सिंह, अजय नारायण सिंह तथा धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग निवासी दीपक सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। विचारण के दौरान आरोपी विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की मृत्यु हो चुकी है, जबकि अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह के विरुद्ध विचारण जारी है। मामले में बहस की कार्रवाई लगातार प्रगति पर है।

### ड्राइवर और क्लीनर की हत्याकांड में आरोपी बरी

ड्राइवर और क्लीनर की हत्या के 25 साल पुराने मुकदमे में बुधवार को अयोध्या जिले के थानाक्षेत्र कुमारगंज बलारमऊ निवासी अजय उपाध्याय व वराहिनापुर गोकुला निवासी डॉक्टर वासुदेव यादव को अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय निशा सिंह की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय व पुरुषोत्तम यादव के मुताबिक अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र की शिवनाथपुर निवासी राम कुमारी पत्नी राजकुमार की महिंद्रा कार को आरोपियों ने शादी देखने के लिए बुक की थी। आरोप है कि 24 जनवरी 2002 को जगदीशपुर टैक्सी स्टैंड पर मौजूद वाहन चालक इस्लाम और क्लीनर अशोक सिंह गाड़ी लेकर निकले तो रास्ते में गाड़ी लूट कर दोनों की हत्या कर दी गई और शव कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाईपास पर फेंक दिया गया। रामकुमारी के पुत्र राकेश ने मुकदमा दर्ज कराया। जिसमें अयोध्या जनपद के दो आरोपियो अजय कुमार उपाध्याय व डॉक्टर वासुदेव यादव के खिलाफ विचारण चला।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में इंस्पेक्टर की गवाही दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश सुलतानपुर प्रथम की अदालत में संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या के मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान साक्षी इंस्पेक्टर अमर सिंह से बचाव पक्ष ने जिरह की। एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया अभी इस मामले में एक अन्य आरोपी की ओर से जिरह शेष है। कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 18 यह हत्याकांड 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश के चलते मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की गोली मारकर हत्या से जुड़ा है। मामले में आरोपी जलालुद्दीन सहित दर्जन भर अन्य आरोपियों के खिलाफ विचारण चल रहा है।

# भारतीय मजदूर संघ का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भामसं के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- सीएम को संबोधित मांगपत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले बुधवार को श्रमिकों और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर डीएम के माध्यम से सीएम को संबोधित 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षा के कारण मजदूर व कर्मचारी वर्ग गंभीर संकट से गुजर रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि आंगनबाड़ी, आशा, एनएचएम, संविदा, आउटसोर्सिंग और सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय का समुचित पालन नहीं किया जा रहा है। एनएचएम के संविदा कर्मियों के लिए बीमा का बजट मिलने के बावजूद उसका लाभ अब तक नहीं दिया गया है। स्थानांतरण के भय और वेतन विसंगतियों के कारण कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। संगठन ने मांग की कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित कर नियमित मानदेय दिया जाए। संविदा कर्मियों के लिए स्पष्ट नियमावली बनाई जाए तथा उन्हें नियमित किया जाए। संविदा/निविदा सफाई कर्मचारियों को 18 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए। 108 और 102 एंबुलेंस सेवा के बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली, बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने, सहकारी बैंकों में वेतनमान पुनरीक्षण की विसंगतियां दूर करने, वर्ष 2001 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों को नियमित करने तथा मृतक आश्रितों को नौकरी देने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।इसके अलावा पटरी-रेहड़ी दुकानदारों को स्थायी स्थान देने, ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए स्टैंड की व्यवस्था करने, दिहाड़ी व ग्रामीण मजदूरों का पारिश्रमिक तय करने और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। मिड-डे मील कर्मचारियों का मानदेय 10 हजार करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रहीं। ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, दिनेश कुमार शुक्ल, सतीश चंद्र मिश्र, प्रतीक श्रीवास्तव, जयदेवी मिश्रा, रंजना शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वेतन में देरी पर भड़के एनएचएम संविदा कर्मियों का फूटा गुस्सा

संवाददाता, सुलतानपुर

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा
- संघ का दावा टकराव नहीं, स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करना है

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ ने बुधवार को प्रदर्शन कर संविदा कार्मिकों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

संघ का कहना है कि दीपावली 2023 से वेतन भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे हजारों परिवार आर्थिक संकट में हैं। किराया, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक खर्च पूरे करना कठिन हो गया है। कर्मचारियों ने स्ना स्पर्श प्रणाली में तकनीकी बाधाओं को वेतन देरी का कारण बताया।ज्ञापन में हर माह की तीन तारीख से पहले नियमित वेतन भुगतान, लंबित वेतन का तत्काल निस्तारण, 10 वर्ष से अधिक सेवा दे चुके कर्मियों के समायोजन की नीति, वेतन विसंगतियों का समाधान और सामाजिक सुरक्षा (ईपीएफ, बीमा, ग्रेच्युटी) लागू करने की मांग की। संघ ने कहा कि उनका उद्देश्य स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना है, टकराव नहीं।

# शंकराचार्य के अपमान पर कांग्रेस आगबबूला

संवाददाता, सुलतानपुर

- 15 दिन में कार्रवाई न हुई तो सुल्तानपुर से लखनऊ तक आंदोलन: शकील अंसारी
- सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर निष्पक्ष जांच की मांग की

**अमृत विचारः** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जिला एवं शहर इकाई ने स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ कथित दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के मामले में केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपकर कांग्रेस नेताओं ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ज्ञापन में कहा गया कि माघ मास जैसे पावन अवसर पर शंकराचार्य को स्नान से वंचित किया जाना धार्मिक अधिकारों का हनन है। साथ ही पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार और झूठे मुकदमे दर्ज कर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। कांग्रेस ने मांग की कि गैर-भाजपा शासित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों की स्वतंत्र समिति गठित कर जांच कराई जाए तथा आरोपित अधिकारियों को निलंबित किया जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शकील अंसारी ने चेतावनी दी कि 15 दिन में कार्रवाई न होने पर सुल्तानपुर से लखनऊ तक निर्णायक आंदोलन होगा। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, सलाहुद्दीन हाशमी, जफर खान, राजेश तिवारी, रणजीत सिंह सलूजा व हौशिला भीम ने भी संत समाज के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष की बात कही।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अतहर नवाब, राम किशोर, असलम अंसारी, हाजी फिरोज, विकास मिश्रा, मो. मंसूर, अजय मिश्रा, दिनेश तिवारी, मोहसिन सलीम, इकराम खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने स्पष्ट किया कि समयसीमा में कार्रवाई न होने पर चरणबद्ध आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# बंद घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, सुलतानपुर

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के तिंदौली गांव में 40 वर्षीय युवक का शव बंद घर के अंदर फंदे से लटका मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पहचान अशोक यादव (40) पुत्र नंद लाल यादव के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसान बुधवार सुबह घर का दरवाजा नहीं खुलने पर ग्रामीण छत के रास्ते अंदर पहुंचे। कमरे की खिड़की से झांकने पर अशोक का शव छत के हुक से दो गमछों के सहारे लटका मिला। उसके पैर जमीन की ओर मुड़े हुए थे और जीभ बाहर नहीं निकली थी, जिससे ग्रामीणों ने संदेह जताया। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी और बच्चे मायके गए थे वह घर में अकेला था। पुलिस के अनुसार, दो दिन पहले उसने मां और पत्नी के साथ मारपीट की थी। जयसिंहपुर क्षेत्राधिकारी आर.के. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# लोगों ने निर्माण कार्य का किया विरोध

लंभुआ, सुलतानपुर

- ईओ बोले-सरकारी भूमि पर वेंडिंग जोन बनाने का चल रहा है कार्य

**अमृत विचारः** लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के रामनगर वार्ड में सरकारी भूमि पर नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर मोहल्लेवासियों नेअवैध बताते हुए उपजिलाधिकारी लंभुआ से हस्तक्षेप कर तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त भूमि का उपयोग दर्जन भर से अधिक परिवार वर्षों से सामूहिक रूप से उठने-बैठने, शादी-विवाह, सुख -दुख तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए करते आ रहे हैं। साथ ही यह कई परिवारों के निकास मार्ग के रूप में भी प्रयुक्त होती है। आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के नगर पंचायत कर्मियों द्वारा भूमि पर खुदाई कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे आमजन में असंतोष व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए तथा स्थिति स्पष्ट होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। शिकायतकर्ताओं में काली सहाय, अरविंद अग्रहरि, तौफीक अहमद, फकीरी लाल, विनय बरनवाल, हंसराज बरनवाल, मनोज कुमार, शुभम बरनवाल, सनी कसौधन सहित दर्जन भर से अधिक लोग शामिल हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग की है और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य स्थानीय लोगों की सहमति व वैधानिक प्रक्रिया के बिना नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में नगर पंचायत लम्भुआ के अधिशासी अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा इन्हीं लोगों के हित के लिए,पटरी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाने का कार्य किया जा रहा है। जमीन सरकारी है,जिस वेंडिंग जोन बनाने के लिए एसडीएम लम्भुआ के पास प्रस्ताव भेजा गया था,वहीं स्थानीय निवासियों के कहने पर लोगों की सुविधा के अनुसार उनके लिए सड़क की भी व्यवस्था की गई है।

### शातिर गिरोह पर की गई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र में सक्रिय शातिर गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष रजत पांडेय की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अरुण कुमार श्रीवास्तव उर्फ बच्चा श्रीवास्तव को गैंग लीडर मानते हुए उसके तीन सहयोगियों राजेश कुमार, गोविंद वर्मा और बृजभवन मिश्रा के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के अनुसार, यह गिरोह संगठित रूप से चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देता रहा है। गिरोह के भय के कारण आमजन शिकायत या गवाही देने से कतराते थे। जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदित गैंग चार्ट प्राप्त होने के बाद यह कार्रवाई की गई। धम्मौर थाना प्रभारी ने बताया कि गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# बमबाजी कांड के 3 आरोपी असलहों समेत गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर

- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा दो भागने में रहे सफल

**अमृत विचारः** बंधुआकलां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बबुरी गांव में हुई बमबाजी के तीन वांछित आरोपियों को अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि दो अभियुक्त भागने में सफल रहे।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर मझना ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर विष्णु प्रभाकर मिश्रा उर्फ अमन , आशीष कुमार पांडेय और प्रिन्शू मिश्रा को पकड़ा गया। तलाशी में एक तमंचा 315 बोर, दो तमंचा 32 बोर और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बबुरी गांव में बम फेंकने की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। साथ ही भागे हुए दो अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनकी तलाश जारी है। बंधुआ कला थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए युवकों पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम सड़क हादसे में 51 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सहतपुर निवासी शेर बहादुर (51) पुत्र रामदौर बाजार से पैदल अपने घर लौट रहे थे। शाम करीब साढ़े सात बजे अखंडनगर-बेलवाई मार्ग पर अलाउद्दीनपुर शक्तिनगर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. विष्णु स्वरूप यादव ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**सूचना**

सुचित किया जाता है कि में GAYA SUDDEEN से अपना नाम बदलकर GAYASUDDIN रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए पुत्र NIZAM निवासी ग्राम 158 सहजौरा बरागांव मुस्तफाबाद बड़ा गांव जिला अयोध्या का रहने वाला हूँ

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश नन्दनी तिवारी हो गया है, जबकि हाई स्कूल के अंक पत्र में नन्दिनी तिवारी है। यही नाम सही व वास्तविक है। मुझे इसी नाम से जाना जाए। नन्दिनी तिवारी पुत्री जय नारायन तिवारी ग्राम तुरकौलिया, पंडरी कृपाल गोंडा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम काजिम अब्बास (KAZIM ABBAS) था अब में अपना नाम बदलकर काजिम अब्बास खान (KAZIM ABBAS KHAN) रख रहा हूँ अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायें। S/O MOHD SAJJAD R/O VILLAGE& POST-GORABARIK Thana-KOTWALI NAGAR Post& SULTANPUR U.P. 228001

**सूचना**

मेरे रजिस्ट्री बैनामा की मदरडीड जो कि रेनू ऋषि पुत्री स्व. बंसीलाल ऋषि निवासी एल आई जी 133 शास्त्रीनगर गोरखनाथ गोरखपुर उपनिबंधक द्वितीय के वहां पंजीकृत है मौजा जंगल छात्रधारी तप्पा खुटहन परगना हवेली सदर गोरखपुर है जो खो गया है, जिसका एल ए आर न0 2026000 0202809 दिनांक 24–02–2026 दर्ज है, जिसका आराजी न0 497 मि0, रकबा 10800 वर्गफीट, बही न0 1, खण्ड 9120, पृष्ठ न0 167 से 192 क्रमांक 4026 दिनांक 15.04.2013 पर पंजीकृत है। उक्त संपत्ति को एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में बंधक रखकर गृह ऋण लिया जा रहा है, यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है तो 15 कार्य दिवस के भीतर एसबीआई शाखा एच एल सी गोरखपुर में संपर्क करें। सोनम शुक्ला पुत्री मार्कण्डेय प्रसाद शुक्ला निवासी मानस बिहार कॉलोनी, पादरी बाजार, जंगल धूसड़, गोरखपुर।

**आयोजन** ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई बल्दीराय क्षेत्र पंचायत की बैठक

# 26 .56 करोड़ का बजट पास, 110 प्रस्तावों को मंजूरी

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय क्षेत्र पंचायत की बैठक बुधवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि के साथ विकास कार्यों से जुड़े नए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदन ने सर्वसम्मति से 26 करोड़ 56 लाख रुपये का बजट पारित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह मौजूद रहीं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों द्वारा प्रस्तुत 110 प्रस्तावों को सदन ने मंजूरी दी।सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखते हुए सड़क, नाली और नाले निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। बैठक के दौरान



बैठक में शामिल जिला पंचायत अध्यक्ष का किया गया स्वागत। ● अमृत विचार

बीडीसी सदस्यों ने आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने के नाम पर कुछ कर्मचारियों द्वारा सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया। इस पर ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह और बीडीओ ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी ग्रामीण से अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।विद्युत विभाग के एसडीओ मार्तण्ड प्रताप सिंह ने बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क करने या 1912 हेल्पलाइन पर कॉल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मीटर रीडिंग और निर्बाध आपूर्ति की नियमित निगरानी की जा रही है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि टीबी रोगियों को मुफ्त उपचार के साथ सरकार की ओर से एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। परिवार नियोजन के तहत नसबंदी के विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं।बैठक का संचालन मनोज यादव ने किया। इस अवसर पर बीडीओ विमलेश चंद्र त्रिवेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष श्रीपाल पासी,जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# करंट की चपेट में आए संविदा कर्मी की इलाज के दौरान मौत

- घटना की सूचना मिलने पर परिवार वालो में मचा कोहराम

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के खालिसपुर डींगुर गांव निवासी ऋषभ तिवारी (25) की करंट लगने से झुलसने के बाद इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। वह 17 फरवरी को ड्यूटी के दौरान हादसे का शिकार हुए थे।



ऋषभ तिवारी फाइल फोटो

ऋषभ तिवारी 132 केवी विद्युत उपकेंद्र बनी पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात थे। उपकेंद्र के यार्ड में नियमित कार्य के दौरान वह अचानक 33 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गए। गंभीर हालत में उन्हें पहले बिरसिंहपुर स्थित सौ बेड अस्पताल ले जाया गया, जहां से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

मृतक के पिता का एक वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। दो भाइयों में वह छोटे थे और घर पर रहकर मां गायत्री के साथ खेती-बाड़ी की देखभाल करते थे। बड़ा भाई लवकेश (28) दिल्ली में रहकर कार्य करता है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

# प्लास्टिक-बांस की बंधिया से दम तोड़तीं नदियां

● मत्स्य आखेट के नाम पर रुक रहा प्रवाह, संकट में जैवविविधता

अभिषेक दूबे, नेचर क्लब गोंडा

**अमृत विचार :** मानो तो मैं गंगा मां हूं, न मानो तो बहता पानी.. यह पंक्तियां याद दिलाती हैं कि नदियां केवल बहता जल या मछली पकड़ने का साधन नहीं, बल्कि एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र हैं। वे मछलियों, कछुओं, जलीय सांपों सहित असंख्य जीवों को जीवन देती हैं और आसपास के भूभाग को हरियाली व जल से समृद्ध करती हैं।

लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नदियों को महज मत्स्य आखेट के स्रोत के रूप में देखा जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा हर वर्ष नदियों को मत्स्य आखेट के लिए पट्टे पर नीलाम किया जाता है, परंतु जलीय वन्यजीवों, उनके प्राकृतिक प्रवास, प्रजनन और पर्यावास पर पड़ने वाले प्रभावों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। गोण्डा में लगभग हर प्रमुख नदी- सरयू नदी, टेढ़ी, चमनई, चंदू, बिसुही, मनोरमा और कुंआनो में जगह-जगह प्लास्टिक की मच्छरदानी जैसे जाल या बांस के जाल लगाकर नदी के दोनों किनारों को बांध दिया जाता है। कई स्थानों पर जाल के नीचे मिट्टी या बालू से भरी बोरियां डालकर पानी का प्रवाह भी आंशिक रूप से रोक दिया जाता है, ताकि मछलियों को सीमित दायरे में कैद कर आसानी से शिकार किया जा सके। मत्स्य अधिनियम में ऐसी संरचनाओं को "स्थिर इंजन" की श्रेणी में रखा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार ऐसी बंधिया कछुओं, जलीय सांपों और अन्य जलीय जीवों के प्राकृतिक प्रवास और प्रजनन में बाधा बनती हैं। कई बार कछुए और सांप इन जालों में फंसकर मर भी जाते हैं।



सरयू नदी में ग्राम बसेहिया के किनारे लगी बंधिया। ● अमृत विचार



टेढ़ी नदी में लगी बंधिया में फंसा मजगिधवा (जलीय) सांप (फाइल फोटो)

इसके अलावा, नदी का स्वाभाविक प्रवाह रुकने से जलधारा धीमी पड़ती है, जिससे बंधिया के आसपास मिट्टी का जमाव होने लगता है। जलकुंभी और अन्य जलीय वनस्पतियां तेजी से फैलती हैं, नदी उथली होती जाती है और उसकी धारा संकुचित हो जाती है। यह स्थिति धीरे-धीरे नदी के अस्तित्व पर ही खतरा बन सकती है। नेचर क्लब फाउंडेशन, गोण्डा द्वारा वर्ष 2022 में टेढ़ी नदी के अध्ययन के लिए की गई पैदल यात्रा के दौरान दर्जनों स्थानों पर ऐसी बंधिया पाई गईं। वर्तमान समय में भी कई नदियों, विशेषकर सरयू नदी में, इस प्रकार की संरचनाएं देखी जा सकती हैं। संस्था द्वारा जीपीएस युक्त तस्वीरों के साथ मत्स्य विभाग से कई बार शिकायत की गई। विभाग ने कुछ स्थानों से प्लास्टिक जाल हटाए, लेकिन बांस के जालों को हटाने में यह कहते हुए असमर्थता जताई कि वे मत्स्य आखेट के लिए आवश्यक हैं। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि ऐसी बंधिया न केवल नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा हैं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, जैव विविधता अधिनियम, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की भावना के भी विपरीत हैं।

### क्या हो इस समस्या का समाधान

**विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सुझाव :-** ● मत्स्य आखेट के पट्टों की शर्तों में किसी भी प्रकार की स्थिर बंधिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। ● पट्टा प्रक्रिया में वन विभाग की अनिवार्य अनुमति को शामिल किया जाए। ● जिला स्तरीय गंगा समितियां सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। ● नदी संरक्षण को केवल मत्स्य उत्पादन तक सीमित न रखकर उसके समग्र पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा को प्राथमिकता दी जाए। ● नदियां केवल जलधाराएं नहीं, बल्कि जीवन धाराएं हैं। यदि समय रहते प्लास्टिक और बांस की बंधिया पर रोक नहीं लगी, तो यह नदियों की सेहत और जैवविविधता के लिए गंभीर संकट साबित हो सकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज, प्रताड़ित करने के आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोंडा, कार्यालय



नजर खातून (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के कटहा घाट रोड स्थित गजनी आरा मशीन के समीप 28 वर्षीया विवाहिता नजर खातून की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मायके पक्ष ने पति समेत ससुराल के पांच लोगों पर हत्या और प्रताड़ना का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच में जुटी हुई है।

मृतका के पिता जालौन निवासी अल्ताफ हुसैन ने बताया कि उनकी बेटी की शादी वर्ष 2016 में कटहा घाट निवासी शाहरुख के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार समझौते के बाद उसे ससुराल भेजा गया, लेकिन हालात में सुधार नहीं हुआ। नजर खातून के दो बच्चे हैं। सात वर्षीय बेटी नबा खान और पांच वर्षीय बेटा अली खान। परिजनों के अनुसार, घटना से पूर्व का करीब 30 सेकंड का एक वीडियो सामने आया है, जो लगभग चार माह पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में नजर खातून अपने पिता से मायके ले जाने की गुहार लगाते हुए पति पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप लगाती दिखाई दे रही है। उसने आशंका जताई थी कि यदि उसे कुछ हुआ तो इसकी जिम्मेदारी उसके पति की होगी। मायके पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पिता ने पति शाहरुख, देवर शाहबाज, देवरानी रोशनी खातून, ससुर इलियास उर्फ राजू तथा सास रुखसाना पर हत्या व प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पति शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया गया है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर एवं उपलब्ध वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारण स्पष्ट होंगे और उसी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### खेत में पेड़ से लटकता मिला लापता महिला का शव



नूरजहां (फाइल फोटो)

● 24 घंटे से लापता थी

**गोंडा, कार्यालय, अमृत विचार :** 24 घंटे से लापता महिला का शव गांव के समीप गन्ने के खेत स्थित पेड़ से लटकता पाया गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली देहात अंतर्गत धनोहरी गांव की रहने वाली नूरजहां (35) पत्नी साबिर अली का शव गांव के समीप ही गन्ने के खेत में स्थित शीशम के पेड़ पर लटकता पाया गया। बताया जाता है कि नूरजहां मंगलवार से ही घर से लापता थी। परिजन उसे आसपास व रिश्तेदारी में खोज रहे थे। पर उसका कहीं पता नहीं चला। बताया जाता है कि मृतका का पति परदेश में रोजी-रोटी के चक्कर में काफी समय से रह रहा है। जब नूरजहां का पता नहीं चला तो लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली देहात पुलिस को दी। जब कुछ ग्रामीण खेत में काम करने गए तो पेड़ से शव को लटकता देखा और सूचना घर वालों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है तथा मायके वालों को भी इस घटना की जानकारी दी। इस संबंध में कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### चोरी के माल के साथ शातिर गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना इटियाथोक पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अंतर्जनपदीय शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 55,615 रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर, चोरी में प्रयुक्त औजार तथा एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने कुरासी पुलिया के पास से आरोपी चुन्मुन चौहान पयागपुर, बहराइच को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि 22/23 फरवरी की रात सदाशिव बाजार, इटियाथोक में तीन दुकानों में सेंध लगाकर नकदी व जेवर चोरी कर लिए गए थे। राजकुमार, प्रशांत कुमार व तवक्कर खां की दुकानों से कुल हजारों रुपये व आभूषण चोरी हुए थे। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों शिवकुमार, रोशन लाल व सुजान के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटनाएं करता था।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला/शहर कांग्रेस ने अजय राय के निर्देश पर बद्रिकापीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों के विरुद्ध दर्ज कथित झूठी एफआईआर को निरस्त करने, प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा संत समाज के विरुद्ध दुर्व्यवहार रोके जाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के उपरांत कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संत समाज के सम्मान की रक्षा की जानी चाहिए और यदि किसी प्रकार की शिकायत है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, मीडिया प्रभारी शिव कुमार दूबे, शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष शुक्ला प्रसाद शुक्ला, महासचिव अरविंद शुक्ला, विधि प्रकोष्ठ के सुभाष पाण्डेय, सेवादल प्रमुख प्रद्युम्न शुक्ला, अल्पसंख्यक कांग्रेस के सगीर खान, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, मुजीब मास्टर, राम राज सिंह, खालिक कसाई, खगेश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### नाबालिग को दोबारा भगाने का आरोप

**मनकापुर, गोण्डा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपनी 16 वर्षीया पुत्री को पुनः शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप लगाते हुए एक युवक और उसकी मां के विरुद्ध पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां के अनुसार, पूर्व में उसकी नाबालिग पुत्री को लिदेहना ग्रंट निवासी रोहित निषाद शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किशोरी को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया था। महिला का आरोप है कि आरोपी रोहित एक बार फिर उसकी पुत्री को अपने साथ कहीं ले गया है। आरोपी ने फोन कर इसकी जानकारी दी।

# बहन को परीक्षा दिलाने पहुंचे युवक की पिटाई

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान गढ़ी गांव स्थित भगवान बक्स सिंह शांति सिंह इंटर कॉलेज के बाहर उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब बहन को परीक्षा दिलाने पहुंचे एक युवक के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। पीड़ित ने पांच नामजद लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

परसापुर निवासी रमेश यादव ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार को द्वितीय पाली में वह अपनी बहन को इंटर की परीक्षा दिलाने कॉलेज गया था। परीक्षा चल रही थी और करीब चार बजे वह विद्यालय परिसर के बाहर अपनी बाइक पर बैठकर बहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बस्ती के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के नंदनगर चौरी निवासी समयदीन, मुकेश, करन और जमुना समेत अन्य लोग वहां पहुंच गए। आरोप है कि आते ही सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने रमेश को बाइक से खींच लिया और लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई हैं और आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी।

# बारातियों से भरी बोलेरो ट्राला से टकराकर खड्ड में गिरी

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर-दतौली मार्ग पर भौकहवा पास मंगलवार देर रात बारातियों से भरी बोलेरो ट्राला से टकराने के बाद खड्ड में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए, हालांकि वाहन में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।

बलरामपुर के गुमड़ी निवासी चालक आशाराम यादव मंगलवार शाम बोलेरो से गोंडा के मोतीगंज क्षेत्र में बारात लेकर गया था। आधी रात को वह करीब आधा दर्जन बारातियों को लेकर लौट रहा था। इसी दौरान भौकहवा के पास बोलेरो ट्राला से जा टकराई। टक्कर के बाद वाहन सड़क के बाईं ओर खड्ड में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि चालक की ओर का दरवाजा टूटकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरा। भीषण दुर्घटना के बावजूद चालक सहित सभी सवार सुरक्षित बच गए। हालांकि चालक समेत कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि ट्राला से बोलेरो की टक्कर भौकहवा गांव के पास हुई। सभी लोग सुरक्षित हैं और अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** पड़ाव मोहल्ले में अयोध्या-गोंडा मार्ग पर बुधवार दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चौबेपुर निवासी अनिल (22) पुत्र भागीरथी गांव के हीरालाल (26) के साथ बाइक से तकादा करने गया था। दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों घर लौट रहे थे। पड़ाव मोहल्ले में स्थित देव हॉस्पिटल के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले गए।

# थार सवार युवकों ने ट्रैक्टर चालक को पीटा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार दोपहर मामूली खरोंच को लेकर हंगामा हो गया। थार सवार युवकों ने ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने थार को घेर लिया, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की।

ट्रेन गुजरने के बाद फाटक खुलते ही वाहनों की कतार एक साथ आगे बढ़ी। सकरौरा निवासी श्यामू यादव ट्रैक्टर-ट्राली पर मौरंग लादकर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही थार, जिसे सुनील तिवारी निवासी गायत्री पुरम, गोंडा चला रहे थे, ने ओवरटेक का प्रयास किया। संकरी जगह होने के कारण ट्राली से थार में हल्की खरोंच लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खरोंच लगने पर थार सवार युवकों ने ट्रैक्टर चालक की डंडों से पिटाई कर दी। यह देख भीड़ जमा हो गई। लोगों ने थार को से घेर लिया। चौकी प्रभारी शिवनाथ गुप्ता और उपनिरीक्षक सरफराज खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी समझाइश के बाद भीड़ को हटाया गया और थार सवारों को कोतवाली ले जाया गया। करीब दो घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।



हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर मारपीट के बाद लगा जाम। ● अमृत विचार

**बैठक** भाजपा गौरा की बैठक में संगठन की मजबूती व जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर, केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया हौसला

# सरकार की उपलब्धियां आमजन तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

**गोंडा, अमृत विचार :** मसकनवा फार्म हाउस तथा विकास बभनजोत मुख्यालय (गौराचौकी बाजार) पर भारतीय जनता पार्टी गौरा के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं गोंडा के सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया उपस्थित रहे, जबकि क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

बैठक में मसकनवा एवं छपिया क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की ताकत ही पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि ने भी संगठनात्मक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाना ही आगामी चुनावों में सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नीरज पटेल, मधुप सिंह, पप्पू शुक्ला, यूपी सिंह, जितेन्द्र पांडे, राधिका देवी, रामचन्द्र वर्मा, राजन सिंह, सुनील वर्मा, सोहरथ वर्मा, पप्पू मौर्य, अमर नाथ पांडेय, विक्रम वर्मा सहित मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं अन्य सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह साथ में विधायक गौरा प्रभात वर्मा। ● अमृत विचार



केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री से मिलते शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

### विदेश राज्यमंत्री से मिलकर शिक्षामित्रों ने जताया आभार

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को केंद्रीय विदेश मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह तथा गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात वर्मा से मुलाकात कर बढ़े मानदेय पर पीएम मोदी व सीएम योगी का आभार जताया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला, जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा, जिला मंत्री अभिमन्यु प्रसाद मिश्रा, तेजेंद्र कुमार शुक्ला, अमित तिवारी, वशिष्ठ कुमार पाण्डेय, कमलेश कुमार पाण्डेय, नवरंग लाल वर्मा, राकेश पाण्डेय, जयप्रकाश, शेषधारी सिंह आदि मौजूद रहे।

### परीक्षा में सघन तलाशी के बाद दिया जा रहा प्रवेश



परीक्षा से पहले तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कालेज बेलसर गोंडा मे माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की परीक्षाओं में विद्यालय के प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के उपरांत परीक्षार्थियों को विद्यालय में प्रवेश दिया जा रहा है। विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल विज्ञान विषय और इंटरमीडिएट संगीत गायन की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई, जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न होनी है। इस दौरान अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक सुमंगला, स्टेटिक मजिस्ट्रेट संदीप कुमार और विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई के बाद बजाज चीनी मिल बंद

**गोंडा, अमृत विचार :** बजाज हिन्दुस्थान शुगर चीनी मिल कुंदरखी का पेराई सत्र समाप्त हो गया। इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने क्षेत्र के कृषकों, श्रमिकों एवं मिल के अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि चालू सत्र में मिल द्वारा 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई। इस मौके पर महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह ने कृषकों से अपील किया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई के दौरान अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करें तथा पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें, ताकि उत्पादन में और वृद्धि हो सके। जीएम केन श्री सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से ही 71 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो सकी है। इस मौके पर महाप्रबंधक यांत्रिकी अनुपम खरे, एचआर हेड बीपी दीक्षित, उप महाप्रबंधक गन्ना प्रदीप पंवार, प्रबंधक लेखा राजीव पांडेय, आईटी हेड प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक संतोष मिश्रा, दिनेश सिंह, गेट इंचार्ज शशिकांत दूबे, कमलेश कुमार, सुनील पाठक, रमेश प्रताप सिंह, श्रवण पांडेय, राम नरेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### करनैलगंज स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग

**करनैलगंज, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि करनैलगंज रेलवे स्टेशन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ बहराइच, हुजूरपुर, परसपुर, कटरा बाजार, बालपुर, शाहपुर व रगड़गंज क्षेत्र के यात्रियों के लिए प्रमुख केंद्र है। पदाधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में यात्री यहीं से बाहरी जिलों व प्रदेशों की यात्रा करते हैं, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव न होने से लोगों को लखनऊ या गोंडा जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि घाघरा नदी पर बने पुल के जर्जर होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में करनैलगंज स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव और भी आवश्यक हो गया है। भाजपा पदाधिकारियों ने दिल्ली, लुधियाना, मुंबई, अमृतसर, जम्मू व असम जाने वाली प्रमुख ट्रेनों का ठहराव करनैलगंज स्टेशन पर सुनिश्चित कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मंडल अध्यक्ष आशीष गिरी, अन्नू बाबा भारती, कन्हैया लाल वर्मा, मुकेश वैश्य, जितेंद्र कुमार, नागेश्वर सिंह व मनोज वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जालसाजी कर जमीन हड़पने के प्रयास का आरोपी बंदी

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने आपराधिक विश्वासघात व जालसाजी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली नगर में दर्ज मामले मे आरोपी हरीराम पुत्र छोटेलाल निवासी मनोहर जोत, थाना खरगूपुर को मिश्रौलिया ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। लाल देवी पत्नी अवधेश कुमार तिवारी, निवासी ग्राम वीरपुर सूबेदार थाना इटियाथोक ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2012 व 2014 में उन्हें अपने पिता राम अनोखे से विधिवत बैनामा के माध्यम से कृषि भूमि प्राप्त हुई थी, जो खतौनी में दर्ज है। आरोप है कि छोटे लाल की मृत्यु के बाद उसके पुत्र हरीराम ने सहयोगियों के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा कराने का प्रयास किया। रजिस्ट्री कार्यालय द्वारा इंकार किए जाने के बाद मामला जिला रजिस्ट्रार/एडीएम न्यायालय में ले जाया गया। पुलिस के अनुसार विवेचना में आरोपी की संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में अतिरिक्त अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह व कांस्टेबल अमित तोमर शामिल रहे।

### बाल श्रम के खिलाफ जांच, दो नियोजकों पर कार्रवाई

**गोंडा, अमृत विचार :** बाल एवं किशोर श्रम मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, एएचटी टीम ने कोतवाली देहात और कोतवाली नगर क्षेत्र में संचालित दुकानों, होटलों व मोटर गैराजों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान तीन बालक दो अलग-अलग सेवा नियोजकों के यहां कार्य करते मिले। इस पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने संबंधित नियोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणी काटते हुए विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी। अन्य दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में बाल श्रम कराते पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बच्चों को मानव तस्करी, बाल शोषण और महिला अपराधों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक लालबिहारी थाना एएचटी प्रभारी, उप निरीक्षक गऊचरन, महिला आरक्षी मीनू यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप, आत्रेय त्रिपाठी अपराजिता सामाजिक समिति सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बालक सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा गया

**गोंडा, अमृत विचार :** महिला एवं बाल सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन खोज के अंतर्गत जनपद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 12 वर्षीय गुमशुदा बालक को रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 के सामने सीढ़ियों पर एक बालक मायूस हालत में बैठा मिला। पूछताछ में बालक ने अपना नाम अभय बताया, लेकिन शुरू में अन्य जानकारी देने में हिचकिचाता रहा। रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन की केश वर्कर की उपस्थिति में विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर उसने बताया कि मां की डांट से नाराज होकर वह घर से निकल आया था और किसी ट्रेन से कहीं भी चले जाने की सोच रहा था। बाद में उसने अपना नाम अभय वर्मा पुत्र रामशंकर उर्फ डब्ल्यू वर्मा निवासी ग्राम नौबरा बताया। सी-प्लान एप के माध्यम से गांव की पुष्टि कर परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। सूचना पर उसकी मां ज्योति वर्मा रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय पहुंचीं। आवश्यक सत्यापन एवं बाल कल्याण समिति से वार्ता के उपरांत बालक को परामर्श देकर सुरक्षित रूप से उसकी मां की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। अभियान में प्रभारी निरीक्षक लालबिहारी, उपनिरीक्षक गऊचरन, महिला आरक्षी मीनू यादव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप, अपराजिता सामाजिक समिति के प्रतिनिधि व रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम मौजूद रही।

### टिकरी जंगल में वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मनकापुर–नवाबगंज मार्ग स्थित टिकरी जंगल में अज्ञात वाहन की टक्कर से करीब 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह राहगीरों की नजर टिकरी जंगल के पास सड़क किनारे मुंह के बल पड़े एक वृद्ध पर पड़ी। पास जाकर देखने पर वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान सड़क पर टूटे शीशे तथा चार पहिया वाहन की लाइट से जुड़े प्लास्टिक के टुकड़े बरामद हुए हैं, जिससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि वृद्ध किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आया। स्थानीय लोगों के अनुसार मंगलवार देर रात भी कुछ राहगीरों ने उसी स्थान पर एक व्यक्ति को पड़ा देखा था, लेकिन उसे नशे की हालत में समझकर आगे बढ़ गए। बुधवार सुबह स्थिति संदिग्ध लगने पर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद हादसे का पता चला। आशंका जताई जा रही है कि टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र लगभग 60 से 65 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। वह हल्के नीले-भूरे रंग का फुल स्वेटर, उसके ऊपर नीले रंग का हाफ स्वेटर तथा नीचे नीले-काले रंग की चेकदार लुंगी पहने हुए था। उसके पास एक खाली जूट का झोला मिला, लेकिन कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# वाहन की टक्कर से तालाब में गिरी सफारी, युवक की मौत

## गौरा चौराहा क्षेत्र के मथुरा विलासपुर गांव में हुई दुर्घटना

**रफ्तार की मार**

संवाददाता, बलरामपुर



मोहन फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** गौरा चौराहा क्षेत्र के मथुरा विलासपुर गांव में मंगलवार रात सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से सफारी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित तालाब में पलट गया। हादसे में चालक मोहन यादव पुत्र चिनकन निवासी मथुरा विलासपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ बैठे गांव के ही शंकर को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बताया जाता है कि मोहन हाल ही में नासिक (महाराष्ट्र) से घर लौटा था, जहां वह प्लास्टर ऑफ पेरिस का काम करता था। गांव आने के बाद वह अपनी गाड़ी बुकिंग पर चलाता था।

मंगलवार को भोजपुर में एक शादी समारोह में बरात ले जाने के लिए वह घर से निकला था। ठंड लगने पर जैकेट लेने के लिए वापस लौटते समय गांव के पास टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सफारी गांव निवासी अलीम के घर के सामने तालाब में जा गिरी।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक मोहन की सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी हरीश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है।

## जेई से मारपीट में एफआईआर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के संबंध में जिला प्रशासन ने तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की है। वीडियो में विकासखंड हरैया सतघरवा के पंचायत भवन चौधरीडीह में अवर अभियंता अजीत सिंह से मारपीट का दृश्य दिखाया गया था। मामले का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने जांच कराई। जांच में सामने आया कि महमूदनगर फीडर पर कार्यरत लाइनमैन रामरंग उर्फ मिश्रीलाल विभागीय कार्यों में लापरवाही बरत रहा था। वह बिना सूचना अनुपस्थित रहता था तथा ओटीएस योजना के तहत अपेक्षित कार्य नहीं कर रहा था। इस पर मुख्य अभियंता ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया। वहीं पंचायत भवन में अवर अभियंता से मारपीट मामले में सुमन पत्नी रामरंग के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

# रमजान देता है तकवा सब्र और शुक्र का पैगाम

उतरौला, बलरामपुर

● रमजान रहमतों का महीना है इसमें नेकियों का सबाब कई गुना बढ़ जाता है



हाफिज कारी नईमुद्दीन।

**अमृत विचार :** पवित्र माहे रमजान की फजीलत बयान करते हुए हाफिज व कारी नईमुद्दीन ने कहा कि रमजान मुसलमानों को तकवा, सब्र और शुक्र की तालीम देता है। उन्होंने कहा कि रोजे के जरिए इंसान अपने नफ्स पर काबू पाता है और अल्लाह की ओर से हराम की गई चीजों से बचने की आदत डालता है, जिससे ईमान मजबूत होता है और बंदा अल्लाह के करीब पहुंचता है।

उन्होंने कहा कि रमजान को शब्रो-शुक्र का महीना कहा गया है। रोजे के दौरान भूख-प्यास और तकलीफ को बर्दाश्त करना सब्र की सीख देता है, वहीं अल्लाह की नेमतों पर शुक्र अदा करना ईमान में इजाफा करता है। कारी नईमुद्दीन ने अपील की कि इस मुकद्दस महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की जाए। समाज और मोहल्लों में रहने वाले जकात के हकदार लोगों तक जकात और सदकात पहुंचाएं, इफ्तार में उन्हें शामिल करें और रमजान में इस्तेमाल होने वाली जरूरी चीजें उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि रमजान रहमतों और बरकतों का महीना है, जिसमें नेकियों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है, इसलिए रोजेदारों के प्रति हमदर्दी और सहयोग का जज्बा अपनाना चाहिए।

## रोजगार की राह पर बलरामपुर, डीएम ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



रोजगार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते डीएम और अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने वृहद रोजगार मेले की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता व कौशल के अनुरूप रोजगार दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को तहसील उतरौला स्थित श्री राम तीरथ चौधरी पीजी कॉलेज में तथा 13 मार्च को तुलसीपुर तहसील के आईटीआई विशुनपुर विश्राम, पचपेड़वा परिसर में मेला आयोजित होगा। जागरूकता रथ इंटर कॉलेजों, डिग्री कॉलेजों व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर युवाओं को मेले की जानकारी देगा। डीएम ने निर्देश दिए कि आईटीआई उत्तीर्ण व सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें आमंत्रित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता व जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शंकराचार्य मामले में कांग्रेस का कड़ा रुख

संवाददाता, बलरामपुर



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य से जुड़े प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से सौंपा। सदर एसडीएम हेमंत कुमार गुप्ता ने ज्ञापन ग्रहण किया।

ज्ञापन में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद एवं उनके शिष्यों के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी या न्यायिक स्तर से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मौनी अमावस्या पर शंकराचार्य को स्नान से रोके जाने और बटुकों से कथित अभद्र व्यवहार की घटना गंभीर है। साथ ही बाद में यौन शोषण जैसे आरोपों में दर्ज एफआईआर पर भी सवाल उठाए गए। नेताओं ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 25 व 26 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित है, ऐसे में मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' समेत अन्य नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दुर्भावना सिद्ध हुई तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। अंत में प्रशासन से ज्ञापन को उच्च स्तर पर भेजकर न्यायसंगत कदम उठाने की मांग की गई।

# गुणवत्ता से न करें समझौता:अध्यक्ष

● नगर पालिका के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर



निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण करते नगरपालिका अध्यक्ष व अन्य।

**अमृत विचार :** आदर्श नगर पालिका परिषद में चल रहे विकास कार्यों का अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि निरीक्षण के दौरान झारखंडी सरोवर, नगर पालिका चौक, नगर पालिका स्कूल तथा गीता नर्सिंग होम समेत विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया गया।

अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को बेहतर सड़क, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य, जेई सिविल अविनाश यादव, वर्क एजेंट विपिन यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने सभी को समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## निष्कपट प्रेम सच्ची भक्ति का आधार : गौरव कृष्ण



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते गौरव कृष्ण शास्त्री। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सदर विकास खंड के हरिहरगंज बाजार में कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालु महिलाओं ने राप्ती नदी के कोड़री घाट से कलश में जल भरकर कथा स्थल तक शोभायात्रा निकाली। विधि-विधान से पूजन के बाद अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक गौरव कृष्ण शास्त्री ने कथा का शुभारंभ कराया। आयोजक ध्रुव कुमार मिश्र व उनकी पत्नी रीता मिश्रा ने व्यासपीठ की आरती उतारी। कथावाचक ने 'विदुरानी का केला' प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने दुर्योधन के राजसी वैभव को त्यागकर भक्त विदुर के घर प्रेमवश जाना स्वीकार किया। भाव-विह्वल विदुरानी ने प्रेम में केले के छिलके ही अर्पित कर दिए, जिन्हें प्रभु ने स्नेहपूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर वैभव नहीं, बल्कि श्रद्धा और निष्कपट प्रेम के भूखे हैं। कथा के दौरान धर्मेंद्र कुमार मिश्र, अनुपम मिश्र, रोमी शुक्ला, संजीव मिश्र, मनोज, विनोद, नीरज मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# रंगों की मस्ती में न घुल जाए मिलावट

**बरतें सावधानी**

संवाददाता, बलरामपुर

**घर पर ऐसे करें मिलावट की पहचान**

**खोवा :** थोड़ा सा खोवा गर्म पानी में घोलें। नीचे स्टार्च जैसा अवशेष जम जाए तो संदेह करें।

**बेसन :** पानी में घोलने पर अलग रंग निकलता दिखे तो मिलावट की आशंका।

**तेल :** फ्रिज में रखने पर परतें अलग दिखें तो सतर्क रहें।

**मिठाई :** अत्यधिक चमकीला रंग या तेज, असामान्य खुशबू हो तो खरीदने से बचें।

**अमृत विचार :** होली की आहट के साथ ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। रंग-गुलाल के साथ मिठाइयों की दुकानें भी सजी हैं। लेकिन त्योहार की मिठास में मिलावट का साया भी मंडरा रहा है। खासकर खोवा, बेसन, तेल, पापड़, चिप्स और कचरी जैसी वस्तुओं में मिलावट की आशंका से स्वास्थ्य विभाग सतर्क है।

शहर के वीर विनय चौराहा, मेजर चौराहा, पहलवारा, सराय फाटक और मुख्य बाजार के साथ उतरौला व तुलसीपुर में मिठाइयों की खूब बिक्री हो रही है। बाजार में मिठाई 300 रुपये से लेकर 2000 रुपये प्रति किलो बिक रही है। बीते दिनों शहर और उतरौला की एक-एक दुकान पर मिलावटी मिठाई बेचे जाने का मामला सामने आ चुका है जिसमें प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। होली पर सबसे अधिक मांग खोवा और उससे बनी मिठाइयों की रहती है। खाद्य सुरक्षा विभाग के मुताबिक नकली खोवा बनाने के लिए सिंथेटिक दूध, स्टार्च, डिटर्जेंट, मिलाए जाने की शिकायतें मिलती रही हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीके दूबे के अनुसार मिलावटी खोवा लीवर और किडनी पर बुरा असर डाल सकता है। बच्चों और बुजुर्गों पर इसका प्रभाव अधिक गंभीर हो सकता है। होली के मद्देनजर जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इमरजेंसी सेवाएं सक्रिय कर दी गई हैं। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के अनुसार फूड प्वाइजनिंग के मामलों से निपटने के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग की अपील है कि सस्ती और अनजानी दुकानों से मिठाई खरीदने से बचें। त्योहार की खुशी बनाए रखने के लिए सावधानी भी जरूरी है।

# तालाब व जलमग्न भूमि पर कब्जा कर बना लिया मकान

● डीएम से की गई शिकायत एसडीएम को जांच के निर्देश

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** मुकुन्दपुर स्थित मां बाराही देवी मंदिर परिसर से सटे तालाब व जलमग्न भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव निवासी सौरभ सिंह ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। डीएम ने एसडीएम को जांच का निर्देश दिया है।

शिकायत के अनुसार ग्राम मुकुन्दपुर स्थित गाटा संख्या 1356, जो जलमग्न/तालाब की भूमि है और बाराही देवी मंदिर परिसर से सटी हुई है, पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया गया है। गाटा संख्या 1587, जो मत्स्य पालन के लिए तालाब की भूमि के रूप में दर्ज है, उस पर भी मछली पालन के बजाय खेती किए जाने का आरोप लगाया गया है। डीएम प्रियंका निरंजन ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। एसडीएम विश्वामित्र सिंह ने बताया कि अभी शिकायती पत्र उनके पास नहीं आया है। इस तरह की कोई शिकायत मिलती है तो इसकी जांच कराई जायेगी।

## कैंसर-टीबी शिविर में 90 ग्रामीणों की हुई जांच



शिविर में टीबी और कैंसर की स्क्रीनिंग कराते मरीज। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के अधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर भाथर में कैंसर एवं टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को इन गंभीर बीमारियों के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा नि:शुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराई गई। कैंप के दौरान करीब 90 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। चिकित्सकों ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में बीमारी की पहचान हो जाने से उपचार सरल और प्रभावी हो जाता है। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. विजय कुमार, एनसीडी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसून गुप्ता, एसटीएस महेंद्र रावत एवं सीएचओ प्रिया चौधरी मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जांच शिविरों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। इस मौके पर आशा संगिनी चंद्रावती, आशा सोनमती, अनीता, सुशीला, कृष्णा कुसुम, गणेशपति तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री दरख्शां सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय सहयोग दिया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

## कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

**धानेपुर, अमृत विचार :** कोनिया बनकट के निकट कार और बाइक में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है।

पुलिस ने बताया कि कोनिया बनकट के निकट एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार संदीप चौधरी निवासी बल्लीपुर कोतवाली देहात गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

# बिना स्वीकृति बिजली लाइन बनाने के मामले की होगी जांच

संवाददाता गोंडा

● जांच को गठित की गयी तीन सदस्यीय कमेटी

**अमृत विचार :** जिले में बिजली विभाग का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। नवाबगंज इलाके के तुलसीपुर माझा गांव में एक प्लांट तक विद्युत आपूर्ति के लिए संविदा लाइनमैन ने बड़ा खेल कर दिया। लाइनमैन ने फाइल स्वीकृत होने से पहले ही 11 केवीए बिजली लाइन बनाकर खड़ी कर दी। मंगलवार को जब इस बिजली लाइन का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो बिजली विभाग में हड़कंप मच गया।

मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर मामले के जांच का आदेश दिया है। बिजली विभाग के अधिकारी हैरानी जता रहे हैं और यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर बिना स्वीकृति के बिजली को पोल और तार लाइनमैन को किसने उपलब्ध कराया।

मामला नवाबगंज क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव का है, जो 84 कोसी परिक्रमा मार्ग में पड़ता है। यहां एक प्लांट तक बिजली पहुंचाने के लिए करीब 9 लाख का एस्टीमेट विभाग में लंबित बताया जा रहा है। नियमों के अनुसार स्वीकृति और बजट जारी होने के बाद ही कार्य शुरू होना चाहिए था, लेकिन एक संविदा लाइनमैन ने फाइल स्वीकृति के पहले ही पूरी 11 केवी लाइन ही खड़ी कर दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक पोल गाड़े गए, तार डाले गए और क्रॉस आर्म तक लगा दिए गए। सवाल यह है कि जब एस्टीमेट पास ही नहीं हुआ तो सामग्री कहां से आई। लोगों का कहना है कि बिना विभागीय मिलीभगत के इतना बड़ा काम संभव नहीं है। मंगलवार को इस पूरी लाइन का वीडियो वायरल हुआ तब जिम्मेदार अधिकारियों की नींद टूटी। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि परिक्रमा मार्ग के किनारे नई लाइन तैयार खड़ी है। मामला संज्ञान में आते ही मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी में अधिशासी अभियंता सुनील कुमार गुप्ता, एसडीओ पीयूष सिंह और अकाउंटेंट अजय कुमार को नामित किया गया है। मुख्य अभियंता ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है कि बिना एस्टीमेट के लाइन शिफ्ट कर दी गई है। उन्होंने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति को तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि कितना एस्टीमेट बना था, काम क्यों और कैसे हुआ, और किन अधिकारियों या कर्मचारियों की भूमिका रही। उन्होने कहा कि इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## कार सवार से छीने 27 हजार रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बड़दूपुर क्षेत्र अंतर्गत कसियापुर क्रॉसिंग के पास दिनदहाड़े कार सवार युवक से बदमाशों ने पीटकर 27 हजार रुपये लूट लिए। सीतापुर निवासी पुष्पेंद्र सिंह फतेहपुर से सीतापुर कार से जा रहे थे। फतेहपुर से कुछ दूरी पर चार बाइकों पर सवार लगभग दस अज्ञात युवकों ने कार को रोक लिया। बदमाशों ने फाइनेंस कंपनी का कर्मी बताते हुए कार एजेंसी ले जाने का दबाव बनाया। पुष्पेंद्र ने कार आगे बढ़ा दी, लेकिन कसियापुर फाटक बंद होने के कारण रुकना पड़ा। बदमाशों ने कार के शीशे तोड़े और उन्हें पीटा। बदमाश उनसे 27 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए।

## नामकरण की मांग को मिला जन समर्थन 'परशुराम चौराहा' के लिए तेज हुआ अभियान



पूर्व सांसद से मुलाकात करते शिवांशु शुक्ला व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** निर्माणाधीन सेखुई कला चौराहे का नाम 'परशुराम चौराहा/चौक' घोषित करने की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेती दिख रही है। सातवें दिन सामाजिक कार्यकर्ता शिवांशु शुक्ला के नेतृत्व में चल रहे हस्ताक्षर अभियान को उस समय मजबूती मिली, जब प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद दद्दन मिश्र से मुलाकात की। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखने का आश्वासन दिया। अभियान 17 फरवरी से जारी है और बड़ी संख्या में लोग हस्ताक्षर कर समर्थन दे रहे हैं। पूर्व में जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश तथा महेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। समर्थकों का कहना है कि क्षेत्र की जनआस्था को देखते हुए चौराहे का नाम 'परशुराम चौराहा' रखा जाना चाहिए। अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी इस मुहिम को खुलकर समर्थन दिया है। साथ ही पोस्टकार्ड अभियान के तहत अब तक 80 पत्र मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भेजे जा चुके हैं। नामकरण की घोषणा तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

**शिक्षा जगत**

**बेसिक शिक्षा परिषद ने जारी की समय सारिणी, 30 मार्च को वितरित किया जाएगा रिपोर्ट कार्ड**

# 16 से 20 मार्च तक होगी परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय स्कूलों में होने वाली वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी गयी है। 16 से 20 मार्च तक वार्षिक परीक्षाएं कराई जाएगी। 21 मार्च से 29 मार्च तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा और 30 मार्च को परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी दिन बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए जाएंगे।

वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक व विकास खंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी की होगी। किसी भी प्रकार की शिथिलता पर संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे। परिषद के आदेश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व अध्यापकों को परीक्षा की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

जिले के 2609 परिषदीय स्कूलों में 300190 छात्र छात्राएं पढाई कर रहे हैं। वर्तमान शैक्षिक सत्र मार्च में खत्म हो रहा है। इसके पहले बच्चों की वार्षिक परीक्षा कराकर परीक्षा फल का वितरित किया जाना है। वार्षिक परीक्षा के लिए बेसिक शिक्षा परिषद ने समय सारिणी जारी कर दी है। परीक्षाएं 16 मार्च से 20 मार्च तक कराई जायेंगी। कक्षा एक वार्षिक परीक्षा पूर्णतः मौखिक होगी। कक्षा 2 से 5 तक के बच्चों की लिखित व मौखिक परीक्षा ली जायेगी जबकि कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे लिखित परीक्षा देंगे। सत्रीय व अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़कर प्रत्येक विषय का कुल मूल्यांकन 100 अंकों में किया जाएगा। 21 से 29 मार्च तक अध्यापक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे तथा 30 मार्च को परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। इसी दिन बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए जायेंगे।

### डायट पर तैयार होंगे प्रश्नपत्र, बीएसए करायेंगे छपाई

**गोंडा, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्नपत्र (लिखित एवं मौखिक) जनपद स्तर पर संबंधित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) द्वारा तैयार कराए जाएंगे और समय से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रश्नपत्रों की छपाई जिला स्तर पर बीएसए करायेंगे तथा ब्लॉकवार पैकिंग कर विद्यालयों तक आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### बैठक में अभिभावकों को दिखायी जाएंगी कापियां

**गोंडा, अमृत विचार :** 30 मार्च को परिणाम घोषित करने के साथ ही विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं अभिभावकों को दिखाया जाएगा तथा रिपोर्ट कार्ड वितरित किए जाएंगे। विभागीय निर्देशों के अनुसार परीक्षा व मूल्यांकन कार्य शुचितापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से संपादित कराया जाएगा, ताकि नया शैक्षिक सत्र समय से शुरू हो सके।

### वार्षिक परीक्षा की समय सारिणी

| दिनांक | प्रथम पाली विषय | द्वितीय पाली विषय |
|---|---|---|
| 16.3.26 | मौखिक | बेसिक क्राफ्ट/शा.शिक्षा |
| 17.3.26 | गणित | संस्कृत/उर्दू |
| 18.3.26 | सामाजिक विषय | अंग्रेजी |
| 19.3.26 | हिंदी | कला/ संगीत |
| 30.3.26 | नैतिक शिक्षा | पर्यावरण अध्ययन |

**नोट : कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा पूर्णत : मौखिक होगी।**

**फैक्ट फाइल**

जिले में संचालित कुल स्कूल- 2609

कुल पंजीकृत छात्र संख्या- 300190

शिक्षक- 8023, शिक्षामित्र - 2639, अनुदेशक - 426।

## न्यूज ब्रीफ

### भतीजी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप

जरवल रोड (बहराइच) : थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम तपे सिपाह ठेकेदार पुरवा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के लापता होने के संबंध में थाना मुकदमा दर्ज कराया। प्रार्थना पत्र के अनुसार, 19 वर्षीय भतीजी 22 फरवरी को प्रैक्टिकल परीक्षा देने के लिए एकलव्य महाविद्यालय गई थी, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है की भतीजी बातचीत क्षेत्र के ही एक युवक से होती थी और उन्हें आशंका है कि शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया है। इस मामले में एक अन्य युवक पर सहयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। स्थानीय पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की बरामदगी तथा आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### जरवल रोड में पुलिस से हुई हाथापाई

जरवल रोड (बहराइच) : थाना जरवल रोड क्षेत्र अंतर्गत घाघराघाट चौकी इलाके में सड़क दुर्घटना को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान पुलिस टीम के साथ अभद्रता, मारपीट एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। उपनिरीक्षक की तहरीर पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार बीती 20 फरवरी को प्रात: लगभग 11:00 बजे उनि ज्योत्सना मय हमराह होमगार्ड पीसी सुनील वर्मा एवं होमगार्ड सलमान मसूदी परीक्षा ड्यूटी चेकिंग व बैंक चेकिंग में शमिल थीं। इसी दौरान सूचना मिली कि चौकी घाघराघाट क्षेत्र में सड़क दुर्घटना को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो रही है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को सरकारी वाहन से जाम हटवाने व सवारियों को सुरक्षित उतरवाने के उद्देश्य से मेट्रो ढाबा के पास लाई। इसी दौरान स्कॉर्पियो वाहन से पहुंचे कुछ व्यक्तियों ने अर्टिगा वाहन चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए गुत्थमगुत्था होकर मारपीट शुरू कर दी। पुलिस द्वारा स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोप है कि उक्त व्यक्तियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की, अभद्रता और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। थाना की फोर्सपहुंची पुलिसकर्मियों की मदद से हालात पर काबू पाया गया। अर्टिगा चालक ने अपना नाम आयुष शुक्ला (23 वर्ष), निवासी बसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी बताया। वहीं स्कॉर्पियो सवार सात व्यक्तियों ने अपने नाम-पते बाराबंकी जनपद के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं।

# बारात निकलने से पहले दूल्हे के भाई के सिर में कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, रेफर

## मोहनपुर माफी गांव में रस्म के दौरान वारदात, सिर की हड्डी चीरकर अंदर धंसी कुल्हाड़ी

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर माफी गांव में मंगलवार शाम शादी की खुशियां उस वक्त चीख-पुकार में बदल गईं, जब एक सिरफिरे ने दूल्हे के चचेरे भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमला इतना जबरदस्त था कि कुल्हाड़ी युवक के सिर की हड्डी को काटकर भीतर धंस गई। आनन-फानन में घायल को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, मोहनपुर माफी निवासी विद्याराम के चचेरे भाई अभिषेक की मंगलवार को शादी थी। घर में उत्सव का माहौल था और बारात निकलने की तैयारियां चल रही थीं। रिवाज के अनुसार, दूल्हा परिवार की महिलाओं और रिश्तेदारों के साथ गांव के कुएं पर 'कुआं पूजन' की रस्म निभाने गया था। इसी बीच भीड़ का फायदा उठाकर पीछे से आए एक युवक


घायल युवक का जिला चिकित्सालय में इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

ने कृष्ण कुमार चौहान (25) पुत्र रामजी के सिर पर कुल्हाड़ी से जोरदार प्रहार कर दिया अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हमलावर मौके से फरार हो गया। घायल कृष्ण कुमार को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां मौजूद न्यूरो सर्जन ने युवक के सिर में धंसी कुल्हाड़ी देखकर हैरान रह गए। डॉक्टर के अनुसार, कुल्हाड़ी काफी गहराई तक धंसी है जिसे निकालने के लिए विशेषज्ञ पैनल और आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता है, जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं थे।

घटना की सूचना मिलते ही पयागपुर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई सीधी रंजिश नहीं थी, हालांकि पुलिस आपसी विवाद और पुरानी रंजिश के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। हमलावर की पहचान के प्रयास जारी हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### होटल पर युवक के साथ हुई मारपीट

जरवलरोड, बहराइच। थाना जरवलरोड क्षेत्र अंतर्गत एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ननकऊ बंगाली पुत्र वहाजुल हक निवासी ग्राम हरचंदा थाना जरवलरोड जनपद बहराइच ने थाना जरवलरोड में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, दिनांक 23 फरवरी शाम लगभग 5 बजे वह करनई के पास मुस्ताक के होटल पर बैठा था। इसी दौरान विपक्षी गोपाल पुत्र बेचू निवासी कछेरा पट्टी थाना जरवलरोड वहां पहुंचा और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कराया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पिकअप की टक्कर युवक गंभीर, रेफर

जरवल रोड, बहराइच

**अमृत विचार।** थाना जरवल रोड क्षेत्र में घाघराघाट के पास एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा राजधानी ढाबा के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मासेपुर निवासी अनीता पत्नी फूलचंद्र के देवर संजय पुत्र छोटू अपने साले सियाराम पुत्र लल्लू के साथ बाइक (स्प्लेंडर) से घर से जरवल रोड की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही पिकअप गाड़ी के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि संजय का दाहिना पैर टूट गया तथा बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा घायल को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़िता अनीता ने थाना जरवल रोड में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**हादसे में बाइक सवार लहूलुहान, बहराइच:** थाना रामगांव क्षेत्र के अंतर्गत रेहुआ मंसूर गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहाँ

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुसी कार, चार घायल

बहराइच। बहराइच गोंडा मार्ग पर बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार थार कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में चालक समेत चार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पयागपुर पुलिस को दी, जिसके बाद सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। श्रावस्ती जनपद के जमुनहा निवासी अजय, सुमित, विशाल के साथ मंगलवार की रात मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बुधवार सुबह ये लोग सभी वापस घर जा रहे थे। जब ये लोग बहराइच गोंडा मार्ग पर स्थित खुटहना के पास पहुंचे तभी चालक संजय वाहन का संतुलन खो बैठा, जिसके चलते वाहन आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गया। हादसे में चालक समेत सभी लोग घायल हो गए, ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। जहां पर चिकित्सकों की ओर से उनका इलाज किया जा रहा है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है।


घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

- राजधानी ढाबा के पास हुआ सड़क हादसा, युवक का पैर टूटा

सड़क पार कर रहे एक सियार से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें 22 वर्षीय युवक अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस और पुलिस की मदद से घायल को तत्काल जिला अस्पताल बहराइच पहुंचाया गया है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के खसहा मोहम्मदपुर कुट्टी का निवासी अमन (22 वर्ष), जो कि कैटरिंग (खाना बनाने) का कार्य करता है, बुधवार को अपने काम के सिलसिले में बाइक से तिवारी पुरवा गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही वह रेहुआ मंसूर गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर पहुँचा, अचानक एक सियार तेजी से सड़क पार करने लगा। बाइक की गति के कारण अमन नियंत्रण नहीं रख सका और सियार से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमन सड़क पर काफी दूर तक घिसटता चला गया, जिससे उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए थाना रामगांव पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रामगांव पुलिस और एम्बुलेंस कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में युवक को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बहराइच पहुंचाया। युवक की हालत फिलहाल अत्यंत गंभीर है।

# नानपारा रेंज में रेस्क्यू के बाद पकड़े गए तेंदुए की मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के नानपारा रेंज में बुधवार की सुबह पेड़ पर तेंदुए होने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने उसे पिंजरा व जाल लगाकर पकड़ा था। टीम उसे रेंज कार्यालय लेकर आ रही थी, तभी उसकी मौत हो गई। सूचना पर प्रभागीय वनाधिकारी भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही तेंदुए की मौत कैसे हुई इसका पता चल सकेगा।

नानपारा कोतवाली इलाके में स्थित ग्राम पंचायत बितनिया के मजरा मंगलपुरवा में बुधवार की सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने एक पेड़ पर तेंदुए को देख इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसके बाद मौके पर स्थानीय रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंच उसे पकड़ने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। करीब तीन घंटे बाद टीम की ओर से लगाए गए जाल में तेंदुआ फंस गया।


पिंजरे में पड़ा मृत तेंदुआ।

टीम जब उसे लेकर रेंज कार्यालय नानपारा पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी पर डीएफओ सुन्दरेसा मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के दौरान पकड़े गए करीब एक वर्ष के तेंदुए की मौत हुई है। वहीं वन विभाग के चिकित्सकों की ओर से उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# जर्जर 'संजय सेतु' बना खतरे की घंटी

जरवल रोड, बहराइच

### पुल पर नौ इंच का गड्ढा

- वाहनों की रफ्तार हुई धीमी सुरक्षा के इंतजाम नदारद

**अमृत विचार।** संजय सेतु इन दिनों अपनी जर्जर हालत को लेकर चर्चा में है। घाघराघाट पर घाघरा नदी के ऊपर बने इस पुल की डाउन लाइन पर करीब नौ इंच गहरा गड्ढा हो गया है। हर गुजरते वाहन के साथ हादसे की आशंका बढ़ती जा रही है, लेकिन मौके पर न तो बैरिकेडिंग है और न ही कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था।

लखनऊ से गोंडा-बहराइच की ओर जाने वाली डाउन लाइन सबसे ज्यादा क्षतिग्रस्त है। कई जगह सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी है और पुल के जोड़ असमान हो गए हैं। इन हिस्सों से गुजरते समय वाहन उछलते हैं, जिससे चालक संतुलन खो सकते हैं। दोपहिया और छोटे वाहन चालकों के लिए खतरा और अधिक है।

दूसरी तरफ बहराइच से लखनऊ की ओर जाने वाली अप लाइन की स्थिति फिलहाल


संजय सेतु पुल पर हो गए आर-पार दिखने वाले गड्ढे। अमृत विचार

बेहतर है, लेकिन लगातार बढ़ते यातायात का दबाव उस पर भी असर डाल रहा है। यह पुल लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती होते हुए नेपाल तक जाने वाले मार्ग का प्रमुख संपर्क है। रोजाना हजारों वाहन इस पर से गुजरते हैं।

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि पुल की मौजूदा हालत किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। उनका आरोप है कि प्रशासन को जानकारी होने के बावजूद अभी तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों ने तत्काल तकनीकी जांच और मरम्मत कार्य शुरू कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पुल से निकलने के दौरान हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है।

वहीं एनएचआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने इस संबंध में बताया कि पुल की मरम्मत के लिए संसाधन और श्रमिक घाघरा तट पर मौजूद हैं। शासन से आदेश मिलते ही तत्काल ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल हालात ऐसे हैं कि वाहन चालक दहशत में धीमी गति से पुल पार कर रहे हैं। यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो यह जर्जर पुल किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

### न्यायालय के स्थगन आदेश की अवहेलना पर रुपईडीहा पुलिस बनी रही मूकदर्शक

बाबागंज (बहराइच) : जनपद के रुपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक विवादित संपत्ति प्रकरण में न्यायिक व्यवस्था को खुली चुनौती देने का मामला सामने आया है। सिविल न्यायालय द्वारा वाद संख्या 187/2022 में पारित स्थगन आदेश प्रभावी होने के बावजूद दबंग भूमाफिया ने न केवल दीवारों का ध्वस्तीकरण किया बल्कि लाखों रुपये की संपत्ति की क्षति पहुंचाई, तथा जबरन कब्जे का दुस्साहसिक प्रयास किया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि न्यायालय के स्पष्ट एवं बाध्यकारी आदेश की जानकारी होने के बावजूद विपक्षी पक्ष राम शंकर, अवधेश, राहुल, शिवम व विशाल ने सुनियोजित तरीके से अतिक्रमण कर यथास्थिति को ध्वस्त कर उसके मूलस्वरूप को परिवर्तित किया। घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दिए जाने के बाद भी न तो प्राथमिकी दर्ज की गई और न ही न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराया गया। इससे पुलिस की निष्क्रियता ही नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। आरोप यह है कि थाना स्तर से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि अदालत का काम स्टे देना है, पुलिस तभी हस्तक्षेप करेगी जब अलग से कोई अदालती आदेश पुलिस के लिये होगा, अन्यथा न तो कार्रवाई होगी और न ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पीड़ित का यह भी आरोप है कि विपक्षी पक्ष सत्ताधारी संरक्षण में है और थाना स्तर पर ऊपरी दबाव के कारण कार्रवाई से परहेज किया जा रहा है।

### नवाचार आधारित पायलट परियोजना का शुभारंभ

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिले में गर्भधारण-पूर्व (प्री-कॉन्सेप्शन) पोषण सुधार विषयक नवाचार आधारित पायलट परियोजना के तहत बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिलाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएम अश्वनी कुमार पांडेय ने की। इस दौरान जिला समन्वयक एनआरएलएम संदीप कुमार व डीपीओ पीके दास ने बताया कि यह पायलट परियोजना हरिहरपुररानी ब्लॉक के पांच चयनित ग्रामों जौगढ़, वर्गावर्गी, शिवगढ़ कला, अमवा एवं जरकुशहा में संचालित की जाएगी। इन ग्राम पंचायतों में से चार में महिला ग्राम प्रधान हैं, जो इस पहल के क्रियान्वयन में इन गांव कि आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्वास्थ सखी एवं सीएचओं अग्रणी भूमिका निभाएंगी। परियोजना में लक्षित समूह 30 वर्ष तक आयु वर्ग के नवविवाहित दंपति, पहली बार गर्भधारण की योजना बना रहे नवविवाहित दंपति तथा एक संतान वाली माताएं शामिल हैं। चयनित ग्रामों में लाभार्थियों की लिस्ट तैयार कर नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श, सास-बहू सामुदायिक बैठकें एवं पुरुष सहभागिता सत्र आयोजित किए जाएंगे। डीएम ने कहा कि यह एक नवाचार आधारित परियोजना है, जिसमें स्वयं सहायता समूह की स्वास्थ्य सखी एवं ग्राम प्रधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर यूनिसेफ के रबी नारायण पहरी, मधुश्री बनर्जी, अनुराग सिंह, रवि प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी व अन्य।

### शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

श्रावस्ती/जमुनहा, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में एसआईआर कार्य के दौरान शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता के विरोध बुधवार दूसरे दिन भी जारी रहा। शिक्षकों ने बांह में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष व जमुनहा ब्लाक के मंत्री बीरेंद्र प्राप्त सिंह ने बताया कि शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता जबरन थोपी जा रही है, जिससे शिक्षकों में नाराजगी है। इस निर्णय के विरोध में शिक्षक लगातार तीन दिनों तक काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस दौरान कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 26 फरवरी को शिक्षक बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत

जमुनहा (श्रावस्ती)

- कमरे में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला शव

**अमृत विचार।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के जमुनहा पुलिस अंतर्गत ग्राम बरगदहा के मजरा घुमना निवासी महिला का शव फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बहराइच जिले के थाना खैरीघाट के मटेरा दीवान निवासी राम निवास ने अपनी पुत्री मोना (26) का विवाह छह वर्ष पूर्व घुमना निवासी अंकित कुमार के साथ किया था। बुधवार को मोना घर में चार वर्षीय बच्ची के साथ अकेली थी। परिवार के लोग घर से बाहर गए थे। शाम को वापस लौटे परिजनों ने देखा कि मोना का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा हैं। ग्रामीणों की


जांच करती पुलिस। अमृत विचार

सूचना पर जमुनहा चौकी प्रभारी योगेंद्र बावू यादव व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार सिंह ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। इस बारे में सीओ भिनगा सतीश कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चलेगा, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**फंदे से लटकता मिला महिला का शव, जमुनहा (श्रावस्ती):** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम बढइनपुरवा निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव मंगलवार रात फंदे से लटका मिला। पिता की सूचना पर पहुंची हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने शव पोस्टमार्टम क लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बहराइच जिले के कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ऊंचवा धौकली निवासी राम जियावन सिंह पुत्र ठाकुर सिंह ने अपनी पुत्री लक्ष्मी सिंह (28) का विवाह हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ईनपुरवा निवासी राजू सिंह पुत्र करम सिंह से किया था। मंगलवार देर रात लक्ष्मी की मौत हो गई। उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पिता राम जियावन सिंह ने पुलिस को सूचना दी। हुई थी। घटना की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे हरदत्त नगर गिरंट थाना प्रभारी ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही शव को फंदे से उतरवा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। मामले में मृतिका के पिता ने पति राजू सिंह व सास भागरानी पर दहेज के लिए पुत्री को मारने पीटने व उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

# प्राइवेट बस की टक्कर से बालिका की गई जान

जमुनहा(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** इंडो-नेपाल हाईवे (बांध) पार कर दुर्गापुरवा घर लौट रही बालिका को बुधवार को प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बालिका को बहराइच रेफर किया गया था, जिसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदहा के मजरा दुर्गापुरवा निवासी सौम्या यादव (06) पुत्री कमलेश यादव अपने घर के सामने इंडो नेपाल हाइवे को पारकर लघुशंका करने गई थी। वहां से लौटते समय जैसे ही वह सड़क पार करने लगी। तभी बारातियों को ले जा रही एक प्राइवेट बस ने उसे टक्कर मार दिया। घटना में सौम्या गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक बस छोड़कर वहां से भागने में सफल रहा। परिजनों की सूचना पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल बालिका को एम्बुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां बालिका की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। बहराइच ले जाते समय रास्ते में बालिका की मौत हो गई। मौके पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

निर्देश

प्रभारी मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से की विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

# 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्य प्रारंभ कराएं : नितिन

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से विकास व निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सभी स्वीकृत निर्माण कार्यो का शिलान्यास कराकर कार्य प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया।

प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी व मद्य निषेध विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में वर्चअल माध्यम से विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी


वर्चुअल मीटिंग के दौरान एनआईसी में मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

निर्माण कार्यों का 31 मार्च तक जनप्रतिनिधियों से शिलान्यास कराकर कार्य प्रारम्भ कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के तहत ओवरहेड टैंक का निर्माण शीघ्र पूरा करने, पेयजल योजना में क्षतिग्रस्त मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने, राजस्व वाद लम्बित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखने व प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नामित कर प्रतिमाह उनकी समीक्षा करने तथा जिन परियोजनाओं में धन का अभाव है, उनके धन आवंटन के लिए पत्राचार करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत 96 परियोजनाओं का कार्य कराया जा रहा है, जिसकी मानिटरिंग की जा रही है। फार्मर रजिस्ट्री में अब तक एक लाख 92 के सापेक्ष एक लाख 35 हजार कृषकों की फार्मर आईडी बनायी जा चुकी है। पानीपत-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे में जिले 28 गांव प्रभावित हो रहे है। इसके लिए सभी किसानों से भी बात कर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, एमएलसी साकेत मिश्र, जिला मंत्री रमन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने प्रभारी मंत्री को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान सीडीओ शाहिद अहमद, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा व एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, अपर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एएल फरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि व सभी विभागीय अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

# शंकराचार्य के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन

आक्रोश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज किए गए मुकदमे व उनके अपमान को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में बुधवार दोपहर को कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने शंकराचार्य के अपमान व उनके खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे का विरोध कर प्रदर्शन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट


प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार जानबूझकर संतो का अपमान कर रही है। उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। बनारस में मन्दिरों को तोड़ा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी संतो का अपमान नहीं सहेगी। मौजूदा सरकार जान बुझकर शंकराचार्य का अपमान कर रही है। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

